दैनिक
# क्षितिज किरण
त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे
आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924
प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना
जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र
प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-13, अंक -302 जबलपुर, बुधवार 01 जनवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव



योग, तप, साधना और साहचर्य से जीना सिखाती है हमारी संस्कृति-जन-जागृति लाने में महर्षियों की बड़ी भूमिका, महर्षि श्री बालीनाथ जी परम संत थे

## सांस्कृतिक वैविध्य ही हमारी पहचान- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत विभिन्न धर्मों, समाजों, भाषाओं और संस्कृतियों का देश है। सब मिलकर यहां सद्भावपूर्वक रहते हैं। सांस्कृतिक वैविध्य ही हमारी संस्कृति की पहचान है। हमारी आस्था और जीवन मूल्य हमें विकास की ओर ले जाते हैं। योग, तप, साधना और साहचर्य से जीवन का समग्र विकास की शिक्षा सिर्फ भारतीय संस्कृति ही सिखाती है। समाज में जनजागृति लाने में महर्षियों की बड़ी अहम भूमिका रही है। महर्षि श्री बालीनाथ जी बैरवा उन्हीं में से एक थे। वे परम संत थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को उज्जैन में महर्षि श्री बालीनाथ जी बैरवा जयंती कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जो असंभव दिखता है, वो केवल सनातन धर्म में ही संभव है। महर्षि बालीनाथ जी ने समाज की कुरीतियों, रूढ़ियों और बुराइयों को खत्म किया और सबको सद्मार्ग की ओर ले जाने का काम किया। उन्होंने बालीनाथ जी की स्मृति में देश के दूरदराज से आए बैरवा समाजजन का अभिनंदन करते हुए कहा कि इस प्रदेश स्तरीय सामाजिक कार्यक्रम में आकर वे बेहद प्रसन्न है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री अखिल जूनवाल द्वारा लिखित पुस्तक भीम वंदना का विमोचन भी किया। इसके बाद बैरवा समाज की बाईक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग एवं उज्जैन जिले के प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल, अखिल भारतीय बैरवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजेश जारवाल, श्री लालाराम बैरवा, श्री राधेश्याम बैरवा, श्री मुकेश टेटवाल, श्री सी.एल. बैरवा, श्री प्रभुराम सहित अन्य समाजजन उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार अगले साल बैरवा समाज की राज्य स्तरीय पंचायत का आयोजन करेगी। इसमें देश के विभिन्न अंचलों में रह रहे बैरवा समाजजनों को आमंत्रित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में हो रहे औद्योगिक विकास में बैरवा समाज के उद्योगपति और व्यवसायियों को जोड़कर बैरवा समाज का सर्वांगीण विकास करेगी। उन्होंने कहा कि बैरवा समाज के बच्चे खूब पढ़ें, लिखें और आगे बढ़ें, इसके लिए सरकार हर जरूरी प्रयास और सहयोग भी करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महर्षि बालीनाथ जी के बताए मार्ग से प्रेरणा लेकर हमारी सरकार गरीबों के जीवन में उजाला लाने और उनके कष्टों का निवारण करने का प्रयास कर रही है।

## पिछली गलतियों को भूलना होगा, मणिपुर हिंसा पर सीएम बीरेन सिंह ने मांगी माफी



मणिपुर (आरएनएस) ।मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने मई 2023 से हो रही जातीय हिंसा के लिए मंगलवार को राज्य के लोगों से माफी मांगी और सभी वर्गों से अतीत को माफ करने और भूलने की अपील की। इम्फाल में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, हिंसा से निपटने को लेकर विपक्ष के निशाने पर आए सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि मणिपुर में शांति बहाल की जा रही है। ये पूरा साल बहुत दुर्भाग्यपूर्ण रहा. मैं राज्य के लोगों से माफी मांगना चाहता हूं कि पिछले 3 मई से आज जो कुछ भी हो रहा है, उसके लिए बहुत से लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है। कई लोगों ने अपना घर छोड़ दिया। मैं माफी माँगता हूँ। लेकिन अब, मुझे उम्मीद है, पिछले तीन से चार महीनों में शांति की दिशा में प्रगति देखने के बाद, 2025 में राज्य में सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी। कोटा और आर्थिक लाभ को लेकर बहुसंख्यक मैतेई और कुकी के बीच 3 मई, 2023 से मणिपुर छिटपुट हिंसा से हिल गया

## राहुल गांधी के भक्त-चेलों...फिर भड़की प्रणव मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा, भाई को भी लगाई फटकार




नई दिल्ली-(आरएनएस)। पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वफादारों पर जमकर निशाना साधा है और कांग्रेस का बचाव करने के लिए अपने भाई अभिजीत मुखर्जी पर निशाना साधा है। उनकी टिप्पणी उन आरोपों के कुछ दिनों बाद आई है कि उनके पिता की मृत्यु के कुछ दिनों बाद उनके सम्मान में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की कोई बैठक नहीं बुलाई गई थी। राहुल गांधी के वफादारों पर निशाना साधते हुए, शर्मिष्ठा ने उनके विचारों पर सवाल उठाया और 2018 के संसद सत्र के दौरान आरएसएस मुख्यालय में अपने पिता की यात्रा और राहुल गांधी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ विवादास्पद गले लगाने का हवाला दिया।

राहुल के भक्त-चेला जो मेरे पिता को उनकी आरएसएस यात्रा के लिए संघी कहते हैं, मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि वे अपने नेता से सवाल करें कि उन्होंने संसद में नरेंद्र मोदी को गले क्यों लगाया, जिन्हें उनकी मां मौत का सौदागर कहती थीं। उनके जटिल तर्क के अनुसार, राहुल को उनके साथी के रूप में देखा जाना चाहिए। उन्होंने आगे कांग्रेस नेता के समर्थकों पर हमला करते हुए कहा कि इस शातिर मूर्खों और चापलूसों के झुंड के साथ कांग्रेस को पुनर्जीवित करने के लिए राहुल गांधी को शुभकामनाएं! अब जाओ और मुझ पर अपने %नफरत के दुकंदर खोलो। मुझे धिक्कार है!

2020 में अपने पिता की मृत्यु के बाद उपेक्षा के आरोपों के खिलाफ, पूर्व कांग्रेस नेता और शर्मिष्ठा के भाई अभिजीत मुखर्जी ने पार्टी का बचाव किया है।

## हरदा में पिकअप की टक्कर से 4 की मौत

हरदा (आरएनएस)। साल के अंतिम दिन मंगलवार को जिले में भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में 12 साल के बालक सहित चार लोगों ने अपनी जान गंवा दी। हादसा छीपाबड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चारुवा और सोनपुरा गांव के बीच हुआ। छीपाबड़ थाना प्रभारी मुकेश सिंह गौड़ ने बताया कि मिर्च से भरी पिकअप छीपाबड़ से मोरगढ़ी की ओर जा रही थी। सामने से बाइक सोनपुरा से चारुवा की ओर आ रही थी। चारुवा और सोनपुरा के बीच पिकअप चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दो की मौके पर तथा दो की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिरकिया ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मरने वालों में 12 साल का बालक भी शामिल है। हादसे में अमन पिता रामेश्वर प्रजापति ;20 वर्षद्ध निवासी मझलीए रामवतार पिता शिवनारायण प्रजापति ;70 वर्षद्ध निवासी मझलीए सुखराम पिता फत्तू कोरकू ;30 वर्षद्ध निवासी जामुनिया तथा दस साल के एक बालक की भी मौत हुई है। फिलहाल चारों शवों को खिरकिया अस्पताल में रखवा दिया गया है। बुधवार सुबह शवों का पोस्टमार्टम किया जाएगा। हादसे के बाद पिकअप चालक

## 11वीं की छात्रा ने जीभ काटकर भगवान शिव को चढ़ाई, मंदिर में कर रही साधना पुलिस को अंदर नहीं जाने दे रहे लोग




जांजगीर चांपा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में सक्ति जिले के ग्राम देवरघटा के अचरीपाली में 16 साल की 11वीं की छात्रा आरुषि चौहान ने अपनी जीभ काट कर भोले बाबा को समर्पित कर दी। खुद को मंदिर के अंदर बंद कर साधना में बैठ गई है। वहीं, सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची, लेकिन गांव के लोगो ने मंदिर के अंदर नहीं जाने दिया।

जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह 7 बजे छात्रा ने घर के पास तालाब के किनारे बने भोले बाबा के मंदिर में अपनी जीभ को काट कर चढ़ा दी। इससे पहले छात्रा ने अपनी कॉपी के पेज में छत्तीसगढ़ी में नोट भी लिखा है कि 'काकरो आवाज नहीं आना चाहिए, गाड़ी या आदमी काकरो नहीं'। दूसरे पेज पर लिखा कि 'अगर मैं उठ जहा, तो सब के मर्डर हो जाहि, चाहे मोर पापा या मम्मी या कोई अधिकारी हो, समझ में नहीं आ रहा है आप सभी का।' परिवार और गांव के लोगों का कहना है कि छात्रा मंदिर के अंदर दरवाजा बंद कर भक्ति में लीन हो गई है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस अधिकारियों के साथ प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे, तो स्वजन और ग्रामीणों ने मंदिर के चारों तरफ को घेर लिया है। छात्रा के माता-पिता को भी पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने समझाने की कोशिश की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। उन्होंने बेटी को अस्पताल ले जाने से भी इनकार कर दिया। 108 एम्बुलेंस के साथ डॉक्टरों की टीम मौके पर मौजूद है।

धक्का-मुक्की को लेकर भाजपा सांसद सारंगी का आरोप

## राहुल गांधी ने बाउंसर जैसा किया व्यवहार



नई दिल्ली-(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद प्रताप चंद्र सारंगी ने एक बार फिर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना करते हुए उनके व्यवहार को लोकसभा में विपक्ष के नेता के पद के लिए उपयुक्त होने के बजाय बाउंसर बताया है। यह पद कभी अटल बिहारी वाजपेयी जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों के पास था। संसद में हाथापाई के बाद घायल हुए और अस्पताल में भर्ती कराए गए सारंगी ने कहा कि वह अब तुलनात्मक रूप से बेहतर हैं और उन्हें 28 दिसंबर को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

## मुरादाबाद में मिला शिवलिंग, गौरी शंकर मंदिर की खुदाई में आया सामने



उत्तर प्रदेश (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में बीते 44 सालों से बंद गौरी शंकर मंदिर में खुदाई की गई है। इस खुदाई में एक शिवलिंग भी जमीन के नीचे से मिला है। संभल, वाराणसी और बुलंदशहर के बाद अब ये खुदाई मुरादाबाद में की गई है। खुदाई की जिम्मेदारी नगर निगम टीम को सौंपी गई थी। नगर निगम की टीम ने जब खुदाई की तो उन्हें जमीन के अंदर से शिवलिंग मिला। मंदिर के नीचे मलबे में से शिवलिंग समेत कई पुरानी और टूटी हुई मूर्तियां भी मिली है। इन सभी मूर्तियों को बाहर निकाल लिया गया है और उनकी साफ सफाई की जा रही है। मंदिर की साफ सफाई में करवाई जा रही है जिसके बाद यहां मूर्ति स्थापना की जाएगी। बता दें कि मुरादाबाद में यह मंदिर बीते 44 सालों से बंद था जिसमें शिव परिवार से संबंधित सभी भगवानों (पार्वती माता, गणेश जी, कार्तिकेय जी और नंदी जी) की मूर्तियां मिली है जो खंडित स्थिति में है। कर्मचारी मंदिर की साफ सफाई करवा रहे हैं। बता दें कि ये मंदिर बीते कई वर्षों से बंद था। इस मंदिर की देखरेख नहीं की जा रही थी, जिस कारण इसकी स्थिति खराब हो गई।

## अंतरिक्ष में भारत की धाक, स्पैडेक्स के प्रक्षेपण पर केंद्रीय मंत्री ने जताई खुशी



नई दिल्ली-(आरएनएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने दो अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक लॉन्च किए हैं जो भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिए डॉकिंग नामक एक महत्वपूर्ण तकनीक का प्रदर्शन करने में मदद करेंगे। इसरो के दो अंतरिक्ष यान सोमवार की देर रात सफलतापूर्वक एक दूसरे से अलग हो गए और उन्हें वांछित कक्षा में स्थापित कर दिया गया। अंतरिक्ष एजेंसी ने इसकी जानकारी दी। स्पैडेक्स मिशन के सफल प्रक्षेपण पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने खुशी जताई। उन्होंने कहा कि भारत स्वदेशी रूप से विकसित भारतीय डॉकिंग सिस्टम के माध्यम से अंतरिक्ष डॉकिंग

## मजदूरों को ले जा रहा पिकअप वाहन पलटा, 3 की मौत, 13 घायल



उज्जैन (आरएनएस)। महिदपुर रोड क्षेत्र में मंगलवार सुबह हुए सड़क हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई। 13 अन्य श्रमिक घायल हो गए। पिकअप वाहन से मजदूर डेलची से महिदपुर रोड रेलवे स्टेशन जा रहे थे। इसी दौरान वाहन पलटने से हादसा हुआ। सभी घायलों को उज्जैन जिला अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया।

जानकारी के अनुसार, दुर्घटना मंगलवार सुबह 9.30 बजे डेलची-बंजारी मार्ग पर हुई। पिकअप वाहन में 35 से अधिक मजदूर सवार थे। ओवरलोडिंग के कारण दुर्घटना हुई।

महिदपुर रोड पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में कंचनबाई पति रामलाल, बलराम पिता रामलाल उम्र 15 साल, जशोदा पति गोवर्धन की मौके पर ही मौत हो गई। 13 घायल मजदूरों को जिला अस्पताल उज्जैन में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। दुर्घटना होता देख बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। घायलों को निकाला और पुलिस को सूचना दी। एम्बुलेंस आने में देरी होने पर अन्य वाहनों से घायलों को उज्जैन पहुंचाया गया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार मजदूरों को गंभीर चोटें आई हैं। सभी का इलाज जारी है।

शीतलहर के साथ-साथ गलन-ठिठुरन के साथ आएगा नया साल- मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

## शीतलहर का अलर्ट हुआ जारी बढ़ेगी गलन और ठिठुरन



नई दिल्ली-(आरएनएस)। देश में बढ़ी ठंड और ठिठुरन के बीच लोग नए साल का वेलकम करेंगे। देश में बीते कुछ दिनों से बारिश और ओलावृष्टि के चलते तापमान में थोड़ी सी बढ़त आई थी। लेकिन अब देश के तापमान में वापस से गिरावट दर्ज की जा रही है। जिसमें, दिल्ली एनसीआर, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, हरियाणा-पंजाब और राजस्थान के साथ-साथ और भी कई राज्यों में ठिठुरन बढ़ी हुई है। वहीं, बात करें पहाड़ी इलाकों की तो, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और माउंट आबू, शिलॉन्ग में भी भारी बर्फबारी देखने को मिल रही है। साथ ही माइनस में तापमान दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग की तरफ से यूपी में कोल्ड डे जारी कर दिया है। चलिए देश के मौसम के हाल के बारे में जानते हैं। यूपी में कोल्ड डे हुआ जारी पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का सीधा असर मैदानी इलाकों में साफ देखने को मिल रहा है। हवाओं के बदले हुए रुख के चलते अधिकतम तापमान और न्यूनतम तापमान दोनों में ही तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है। इसके अलावा प्रदेश में कोहरा भी छाया हुआ है। सुबह से ही धूप नहीं निकली है। मौसम विभाग के मुताबिक, नया साल न्यूनतम तापमान में गिरावट के साथ ही आएगा। हरियाणा-पंजाब के मौसम का हाल? हरियाणा-पंजाब में भी लगातार कड़ाके की ठंड देखने को मिल रही है। दोनों राज्यों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, सोमवार को चंडीगढ़ में इस ठंड का सबसे ठंडा दिन माना गया है। इस दिन चंडीगढ़ का तापमान 11.3 डिग्री दर्ज किया गया है, जो कि सामान्य से 8 डिग्री कम था। आज के भी तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। दिल्ली में ठंड से ठिठुरन बढ़ी दिल्ली में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। अधिकतम तापमान में भी 4 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने मंगलवारो को आसमान साफ रहने के साथ-साथ कई जगहों पर कोल्ड डे रहने की संभावना जताई है। साथ ही हवा की रफ्तार में भी तेजी आ सकती है। पहाड़ी इलाकों में ठंड पहाड़ी इलाकों में लगातार बर्फबारी देखने को मिल रही है। उत्तराखंड, राजस्थान के माउंट आबू, जम्मू-कश्मीर समेत अन्य पहाड़ी इलाकों में लगातार तापमान गिर रहा है। साथ ही तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। पहाड़ी इलाकों के तापमान माइनस में दर्ज किए जा रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, ठंड का मौसम अभी कुछ दिन ऐसा ही बना रहेगा। बर्फबारी के चलते रास्ते और ट्रेन मार्ग भी अवरुद्ध हैं।

## सुधर जाओ नहीं तो सुधार देंगे...इजरायल की हूती को लास्ट वार्निंग, हमास, हिजबुल्लाह और सीरिया की तरह होगा अंजाम



इजराइल-(आरएनएस)। इजराइल के संयुक्त राष्ट्र के राजदूत डैनी डैनन ने यमन के ईरान समर्थित हूतीआतंकवादियों को इजराइल पर मिसाइल हमले बंद करने के लिए कड़ी चेतावनी जारी की है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो उनका हश्र भी हमास, हिजबुल्ला और सीरिया के बशर अल असद जैसा होगा। उन्होंने ईरान सहित मध्य पूर्व में किसी भी टारगेट को इज़राइल की पहुंच से दूर नहीं बताया। इसके साथ ही कहा कि ईरानी प्रॉक्सी द्वारा हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डैनन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से कहा कि यह कोई खतरा नहीं है। यह एक वादा है। आपका भी वही हश्र होगा जो उन लोगों का हुआ जो हमें नष्ट करना चाहते थे। उनकी टिप्पणियाँ हाल ही में गाजा में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता में शुरू किए गए हूती ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद आई हैं।

पिछले हफ्ते यमन में हूती से जुड़े कई ठिकानों पर इजरायली हमलों की रूस ने तीखी आलोचना की, जिसने हमलों की असंगततापूर्ण निंदा की। हालाँकि, इज़राइल अपने नागरिकों और बुनियादी ढांचे की रक्षा करने के अपने अधिकार को बरकरार रखता है। यमन में हूती विद्रोहियों ने कहा कि इजराइली हवाई हमलों में विद्रोहियों के कब्जे वाली राजधानी सना और बंदरगाह शहर होदेदा को निशाना बनाया। हूती विद्रोहियों द्वारा लगातार इजराइल पर हमले के कुछ दिनों बाद इजराइल ने ये हमले किये। इजराइली सेना ने कहा कि उसने सना में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और होदेदा, अल-सलिफ और रास कांतिब के बंदरगाहों के साथ-साथ बिजली केंद्रों पर हूती विद्रोहियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले ठिकानों को निशाना बनाया। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक भाषण में कहा था कि हूती भी वही सबक सीखेंगे, जो हमास, हिजबुल्ला, असद सरकार और अन्य लोगों ने सीखा है। उनकी सरकार ने कहा कि नेतन्याहू ने सैन्य नेताओं के साथ मिलकर ताजा हमलों पर नजर रखी। ईरान समर्थित हूती समाचार मंच ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में हमलों की सूचना दी लेकिन तत्काल कोई विवरण नहीं दिया। अमेरिकी सेना ने हाल के दिनों में यमन में हूती विद्रोहियों को भी निशाना बनाया है।

## अज्ञात लोगों ने रात में कालिका माता और भैरव मंदिर तोड़ा, सुबह लगी हिंदूवादियों की भीड़, एमपी के देवास का मामला



देवास (आरएनएस)। शहर के इंदौर रोड स्थित विकास नगर चौराहा पर एक मंदिर को अज्ञात लोगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। सोमवार देर रात की घटना बताई जा रही है, जिसकी जानकारी तड़के लोगों को लगी। इसके बाद मौके पर स्थानीय पार्षद अजय तोमर सहित कई लोगों की भीड़ जमा हो गई। चौराहा पर पुलिस चौकी के पीछे कालिका माता और भैरव जी का एक छोटा-सा मंदिर है, जिसमें तोड़फोड़ की गई है। सूचना मिलने पर औद्योगिक क्षेत्र थाने से पुलिस बल मौके पर पहुंचा और जांच शुरू कर दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर सांसद भी पहुंचे। टीआई शशिकांत चौरसिया ने बताया कि मंदिर में तोड़फोड़ को लेकर भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।





जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना बरेला में श्रीमती गुलाब बाई श्रीपाल उम्र 56 वर्ष निवासी ग्राम हिनोतिया भोई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह दूध बेचने का काम करती है सुवह लगभग 9 बजे उसने अपनी तीन भैंस एक पड़िया को चरने के लिये घर के पीछे छोड़ दी थी वहां पर तार फेंसिंग लगी हुयी थी सुवह लगभग 10 बजे देखा तार फेंसिंग का तार खुला हुआ था उसकी भैंसे एवं पड़िया गायब थीं, भैंसों की तलाश आसपास करने पर पता चला कि उसकी भैंसें ग्राम जुनवानी मे चर रही थीं, ग्राम जुनवानी के अजय सिंह गौंड़ ने बताया कि तुम्हारी भैंस को बारेलाल, अनूप, सुरेश और बेनी हांककर ले जा रहे

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खमरिया द्वारा डॉक्टर मनमोहन को श्रद्धांजलि अर्पित की गई





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रांझी खमरिया के अध्यक्ष रविंद्र कुशवाहा प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि विख्यात अर्थशास्त्री एवं पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी को श्रद्धांजलि का कार्यक्रम ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रांझी खमरिया द्वारा मस्ताना चौक पर रखा गया लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहां की भारत के विख्यात अर्थशास्त्री, महान राजनेता और पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह जी का निधन हो गया। उनका निधन न केवल भारत के लिए बल्कि समूचे विश्व के लिए एक अपूरणीय क्षति है डॉ. मनमोहन सिंह जी को उनके असाधारण आर्थिक दृष्टिकोण और नेतृत्व क्षमता के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने भारत के आर्थिक सुधारों को नई दिशा दी और अपने कार्यकाल में देश को वैश्विक स्तर पर सशक्त स्थान दिलाया। उनकी विनम्रता, गहरी समझ और दूरदृष्टि सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहे श्रद्धांजलि सभा मैं उपस्थित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र कुशवाहा संगठन मंत्री आशुतोष वत्स रामदास यादव नेम सिंह निर्मल चंद जैन, जग्गू विश्वकर्मा, आलोक भट्ट, लक्ष्मण समुद्री, चंदू जैन, राजेश चौबे, बंटी मारुति, कमलेश चौधरी,रवि राय, ईश्वरी पटेल, देवेंद्र कुशवाहा, मोनिका सिंह, प्रीति ठाकुर, संजू सिंह, राकेश चक्रवर्ती, सुनील सराठे, पप्पू यादव, सरबजीत नारंग, आनंद यादव,दुर्गेश कुशवाहा, रमेश रोहित, राजेश श्रीवास, राजा वंशकार ,राजाराम देशबड़ीएवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे



# आज की जनसुनवाई में प्राप्त हुए 15 प्रकरण

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने जनसुनवाई कक्ष में आज दिनांक 31 दिसंबर 2024 को प्रात: 11:00 बजे से 01:00 बजे तक नागरिकों की समस्याएँ सुनी। इस दौरान भवन शाखा, अतिक्रमण, शासकीय योजना, संपदा, सीवर, बाजार विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य योजनाओं से संबंधित 15 जनसमस्याएँ प्राप्त हुई, जिसका निराकरण सुनवाई के दौरान ही किया गया। सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने बताया कि सभी प्राप्त शिकायतें संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण हेतु प्रेषित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम के संभाग क्रमांक 1 से 16 में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया तथा नागरिकों की समस्याएँ सुनी गई और उनका निराकरण भी कराया गया। जनसुनवाई के दौरान सभी विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता हेतु शहर के सुरेश खुराना रेफरियो के चेयरमैन बने



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। वालीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के सानिध्य में आयोजन समिति द्वारा आगामी 7 से 13 जनवरी तक राजस्थान के जयपुर में 69वीं सीनियर पुरूष व महिला वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजित की गई हैं। प्रतियोगिता को निर्विवाद संपन्न कराये जाने हेतु आयोजन समिति ने जबलपुर से रेल्वे के से.नि. अधिकारी व सीनियर राष्ट्रीय वालीबॉल खिलाड़ी सुरेश कुमार खुराना को रेफरियो का चैयरमेन नियुक्त किया है। शहर को गौरवान्वित करने पर समस्त खिलाड़ियों व शुभचिंतको ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी है।

# मंडल के एक अधिकारी सहित 33 रेल कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर विदाई





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर रेल मंडल में आज मण्डल कार्यालय में आयोजित एक गरिमामयी कार्यक्रम मे अपनी आवश्यक रेल सेवा पूर्ण करने पर एक अधिकारी एवं 32 कर्मचारियों को आवश्यक रेल सेवा पूर्ण होने पर डीआरएम श्री कमल कुमार तलरेजा द्वारा गोल्ड प्लेटेड सिल्वर मेडल तथा सेवानिवृत्ति से संबंधित दस्तावेज देकर विदाई दी गई। इस अवसर पर सेवानिवृत होने वाले अधिकारी श्री रजनीश कुररिया सहायक मंडल अभियंता एवं कर्मचारियों में सर्वश्री नरेंद्र कुमार उपाध्याय, लक्ष्मन सिंह डागोर, नीरज श्रीवास्तव, विद्याधर मिश्रा, अरुण कुमार राय, रामनाथ यादव आदि प्रमुख थे।

सेवानिवृत्त हुए सभी कर्मचारियों का भुगतान एन.ई.एफ.टी के माध्यम से किया गया। सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में श्री कमल कुमार तलरेजा के साथ ही वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्री सुबोध विश्वकर्मा, सहायक मंडल वित्त प्रबंधक श्री प्रशांत कुमार अहिरवार के साथ ही कार्मिक एवं लेखा विभाग के सभी कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# ना सिर्फ बिरादरी बल्कि कौम व देश की भलाई करेंगे

## अंसारी समाज के नव- निर्वाचित अध्यक्ष ने लिया संकल्प




तालिब हुसैन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर की सियासत में अहम भूमिका निभाने वाले मोमिन अंसारी समाज के चुनाव की गहमा गहमा गहमा थम चुकी है. इस बीच नव निर्वाचित अध्यक्ष सूफ़ी हाजी सरदार अब्दुल हकीम बाबा और अन्य पदाधिकारियों के सम्मान का दौर जारी है. पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विधायक लखन घनघौरिया ने हकीम बाबा से सौजन्य भेंट कर उनका स्वागत किया. गौरतलब है कि हाल ही में हुए चुनाव में हकीम बाबा अध्यक्ष, वसीम अंसारी उपाध्यक्ष, अयाज़ अंसारी सचिव और ख़लील अहमद अंसारी कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं. विशेष साक्षात्कार के दौरान अंसारी समाज के अध्यक्ष ने कहा है कि वह और उनके साथी सिर्फ बिरादरी के लिए ही नहीं बल्कि कौम और देश के लिए हर वोह काम करेगे जिसमें लोगों की भलाई हो. उन्होंने कहा पहली प्राथमिकता शांति सदभावना एकता भाईचारा है. उसके बाद शरियत के मुताबिक निकाह की रस्मों को आसान बनाने की कोशिश करेंगे ताकि फिजूल खर्ची को रोका जा सके. हकीम बाबा ने ज़ोर देकर कहा सामाजिक कुप्रथाओं को खत्म करने सबके सहयोग से निर्णायक पहल की जाएगी. नशाखोरी, जुआं, सटटा जैसे अपराधों के विरूद्ध जन जागरण अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा. हकीम बाबा ने कहा कि हमने नव निर्वाचित उपाध्यक्ष वसीम अंसारी, सचिव अयाज़ अंसारी, सह सचिव कबिरिया अंसारी और कोषाध्यक्ष ख़लील अंसारी को साथ लेकर समाज व देश की सेवा का संकल्प लिया है. हम अपने काम से लोगों का दिल जीतेंगे.

### नगर निगम के सेवानिवृत्त कार्यपालन यंत्री राजवीर नयन को भ्रातृशोक



जबलपुर। नगर निगम के कार्यपालन यंत्री हमारे निगम परिवार के मुख्य सदस्य श्री राजवीर नयन जी के 72 वर्षीय भाई नेपियर टाउन निवासी महावीर डेरी के संचालक (पूर्व मॉडेलियन) श्री महावीर नयन जी का लम्बी बीमारी के चलते आज देवलोक गमन हो गया है। सेवानिवृत रेयर एडमिरल नसीब नयन के छोटे भाई तथा नगर निगम के सेवानिवृत कार्यपालन यंत्री राजवीर नयन के बड़े भाई एवं श्रवण नयन एवं सिद्धार्थ नयन के पिता थे। अंतिम यात्रा आज दिनांक 1 जनवरी 2025 को सुबह 11 बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी।

# कर्मचारी कलेण्डर का हुआ विमोचन



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के कलेण्डर का हुआ विमोचन मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की आज पूर्व केबिनेट मंत्री माननीय अंचल सोनकर जी के द्वारा जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के वार्षिक कलेण्डर का विमोचन फीता काट कर किया गया द्य ज्ञात रहे की कर्मचारी कलेण्डर में कर्मचारियों के लिए सामान्य अवकाश, ऐच्छिक अवकाश की पूर्ण जानकारी रहती है जिससे सभी विभाग के कार्यालयों में शासकीय अवकाश की महत्वपूर्ण जानकारी मिलजाती है जिससे कर्मचारी समय समय पर अपनी छुट्टियों का प्रयोग करते है द्य कलेण्डर विमोचन के दरम्यान पूर्व केबिनेट मंत्री अंचल सोनकर जी के द्वारा कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सभी को बधाई देते हुए नए वर्ष की शुभकामनाएं दी गई द्य इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राम सोनकर, ज़ियाउर्रहीम, हेमंत ठाकरे, शैम पिल्ले, राकेश श्रीवास, गुडविन चार्ल्स, दिनेश गोंड, शहीर मुमताज़, उमेश सिंह ठाकुर, क्रिस्टोफ़र नरोनाह, राजेश सहारिया, राजकुमार यादव, प्रदीप पटेल, विनोद सिंह, फिलिप एंथोनी, रिंकू पीटर, नीरज मारवी, सुरेंद्र चौधरी, देवसिंग भवेदी, संतोष चौरसिया, त्रिलोक मारवी, राकेश गुप्ता, एनोस विक्टर, आशाराम झारिया, रामेश्वर प्रसाद दुबे, देवेंद्र पटेल, आर पी खनाल, धनराज पिल्ले, देवेंद्र भट, कुलदीप सिंह, तेजभान सिंह, दयाराम बेलवंसी, शशिरमन स्वामी, मनमोहन चौधरी, दीपेश जैन, गोपीशाह , भोला चौहान, मक़सूद अहमद कादरी, विकी पटवा आदि उपस्थित रहे

# रामायण में दोष-दर्शन का भी अपना एक महत्व है





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। श्रीभरतजी ने कैकेयी में दोष देखा और श्रीराम ने कैकेयी का गुण देखा। किन्तु प्रश्न यह है कि श्रीराम का कार्य ठीक है कि श्रीभरत का? किन्तु नहीं - विचार करके यदि देखें तो यह कह सकते हैं कि दोनों में देखने की कला का सदुपयोग है। अगर भगवान राम कैकेयी में दोष देखें कि मुझे राज्य मिलने वाला था, इन्होंने छीन लिया तो उन्हें कितना बड़ा द्वेष होगा। हम लोगों के जीवन में ऐसे अवसर आते हैं। अगर किसी के कारण हम लाभ से वंचित हों तो प्रतिक्रिया स्वरूप हमारे अन्दर द्वेष की पराकाष्ठा जगती है। उपरोक्त उद्गार भरत सरिस को राम सनेही प्रवचन माला में पं. उमाशंकर शर्मा जी व्यास ने महेश भवन गोपालबाग में रामायणम जबलपुर द्वारा आयोजित श्री राम चरित मानस परायण ज्ञान यज्ञ के तृतीय दिवस व्यक्त किये।

महाराज श्री ने कहा कि चित्रकूट की सभा में भगवान श्रीराघवेन्द्र कैकेयीजी का गुण गाते समय ध्यान से श्री भरत की ओर देख रहे थे। स्वाभाविक रूप से वक्ता श्रोताओं की ओर देखता है कि इन पर मेरी बात का क्या प्रभाव पड़ रहा है और जब देखा तो श्री भरत की आँखों में आँसू भरे हुये थे। प्रभु प्रसन्न हुये - भरत तो कैकेयी के प्रशंसक नहीं थे। पर लगता है कथा का उचित प्रभाव पड़ा और आज भरत का हृदय भी द्रवित हो गया। इसीलिये तो कैकेयीजी की कथा सुनकर आँखों में आँसू आ गये। हमारे जीवन में भी यदि पश्चाताप के आंसू आये कथा काम कर रही है।

महाराज श्री ने कहा कि ने कहा कि फल वृक्ष के लिये सम्पत्ति भी हो सकता है और भार भी। जब देनेवाला वृक्ष यह माने कि फल सम्पत्ति नहीं भार है और लेनेवाला उसे सम्पत्ति के रूप में ले, तभी देने और लेने वाले दोनों की सार्थकता है। महाराज श्री ने कहा कि भरत जी यथार्थ में वेद के तीनों कांडो, ज्ञान, कर्म, उपासना के जंगम प्रयाग था। वस्तुत: साधु का जीवन साक्षात् प्रयाग ही है। जो इनका सत्संग करता है, वह जीवन मुक्ति को प्राप्त करता है।

श्री राम सरकार एवं महाराज श्री का पूजन सर्व श्री कैलाश गुप्ता, श्रीमती रेखा गुप्ता, मेवालाल छिरोलया, हेमंत अग्रवाल, रेणु अग्रवाल, अंजना बजाज, केदारनाथ अग्रवाल, गोपाल नीखरा, संजय मिश्रा, आशीष त्रिवेदी, दिलीप नीखरा, बालकृष्ण अग्रवाल, बासुदेव सावल खत्री, गोपाल खजांची, अपूर्व त्रिवेदी, वीरू यादव, कैलाश दुबे, अजय उपाध्याय, हितांश, दीपक यादव ने किया। मंच संचालन हरिशंकर दुबे एवं स्वस्तिवाचन पंडित रोहित दुबे, पं. सौरभ दुबे, पं. महेंद्र पांडेय आदि ने किया।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर म.प्र.

### लोककर्म विभाग

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदार/मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखत कार्यो के लिए ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO- 432 2024_ UAD 391473_1 01.01.2025 | अम्बेडकर वार्ड अन्तर्गत विभिन्न स्थलो नाली, पुलिया सड़क एवं पेवर ब्लाक का कार्य। (पार्षद अनुशंसा)द्वितीय निविदा | 02 माह<br>5.50 लाख | 2000/-<br>5500/- | 15.01.2025 |
| 2 | PRO- 432 2024_ UAD 391473_2 01.01.2025 | महर्षि सुदर्शन वार्ड में मनमोहन नगर अन्तर्गत सुखचेन कोल के घर से सुन्दरलाल के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण। (पार्षद अनुशंसा)द्वितीय निविदा | 02 माह<br>3.38 लाख | 2000/-<br>3380/- | 15.01.2025 |
| 3 | PRO- 432 2024_ UAD 391473_3 01.01.2025 | महर्षि सुदर्शन वार्ड में बड़ा पत्थर स्थित गुप्ता जी के घर से लक्ष्मण पाण्डेय के घर तक नाली निर्माण। द्वितीय निविदा। | 01 माह<br>2.10 लाख | 2000/-<br>2100/- | 15.01.2025 |
| 4 | PRO- 432 2024_ UAD 391473_4 01.01.2025 | स. क्रं. 10 रांझी के अन्तर्गत सी.एम. हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण हेतु नालियों की मरम्मत एवं निर्माण हेतु। द्वितीय निविदा। | 01 माह<br>4.09 लाख | 2000/-<br>4090/- | 15.01.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट http://.mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री ,नगर निगम जबलपुर**



भोपाल -राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने प्रदेशवासियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। मंगलकामना की है कि नव वर्ष 2025 सभी के लिए सुख, शांति, सद्भाव, समृद्धि और सफलता लेकर आये। उन्होंने कहा है कि नव वर्ष का आगमन जीवन में नए संकल्प और लक्ष्यों के साथ आगे बढ़ने का अवसर होता है। प्रदेशवासी नव वर्ष का स्वागत, समाज तथा राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय भागीदारी, दायित्व बोध के संकल्प के साथ करें। राज्यपाल श्री पटेल ने अपने सन्देश में कहा है कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के लिए नागरिक संकल्पित हों।

**विकास के लिए विधायक अपनी विधानसभा का बनाएं मास्टर प्लान-मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर एवं चंबल संभाग की बैठक लेकर दिए निर्देश**

# सरकार की जन हितैषी योजनाओं का मिले सबको लाभ -मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सभी विधायक अपनी-अपनी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित होकर कार्य करें। जनता के काम समय पर हों, हम सबको इसकी चिंता करनी होगी। इसलिए सभी विधायक अपनी विधानसभा का अगले 5 साल का मास?टर प्लान बनाएं, जिससे क्षेत्र का योजनाबद्ध विकास हो सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में ग्वालियर एवं चंबल संभाग की समीक्षा बैठक में वर्चुअली जुड़े स्थानीय जन-प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे।

बैठक में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन कल्याण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्र-संस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला, क्षेत्रीय विधायिका सुश्री सरला रावत, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, ग्वालियर संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव श्री अशोक वर्णवाल, चंबल संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव श्री मनु श्रीवास्तव सहित अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा श्री अनुपम राजन, प्रमुख सचिव श्री संजय शुक्ल, प्रमुख सचिव श्री दीपाली रस्तोगी, प्रमुख सचिव श्री विवेक पोरवाल सहित अधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए जनता को बेहतर सेवाएं देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसमें किसी प्रकार की उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने दोनों संभागों में चल रहे एवं लंबित विकास कार्यों की गहनता से समीक्षा कर कहा कि निर्माण कार्य तय वक्त पर ही पूरे करें, जिससे आमजन को समय पर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

जनकल्याण अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी, 2025 तक जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। %आपकी सरकार-आपके द्वार% की भावना को अंगीकृत कर सरकार ने जन-जन तक पहुंचने का अभियान चलाया है। सभी विधायक और अधिकारी सुनिश्चित करें कि सरकार की जन हितैषी योजनाओं का लाभ प्रभावितों पर पहुंचे। इसके लिए सभी विधायक और अधिकारी घर-घर तक जाएं और अभियान की प्रगति का स्वयं अवलोकन करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने विभागीय मैदानी अमले को सतर्क करें और सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की सेवाओं, सुविधाओं, योजनाओं एवं विकास कार्यक्रमों का लाभ पाने से वंचित न रहे।

ग्वालियर की जेसी मिल्स के मजदूरों का लंबित भुगतान तुरंत कराएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर के जेसी मिल्स के मजदूरों का भुगतान लंबित होने की जानकारी मिली है। कलेक्टर ग्वालियर एवं संबंधित राजस्व अधिकारी जल्द से जल्द जरूरी कार्यवाही पूरी कर इन मजदूरों को उनका लंबित भुगतान प्रदान करें। उन्होंने कहा कि जेसी मिल्स का कोई भी मजदूर उसके वाजिब हक या दावा भुगतान पाने से वंचित न रहे। सभी कलेक्टर सावधानी रखें, लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुना जिले के राघौगढ़ में हुई बोरवेल दुर्घटना पर संज्ञान लेकर कलेक्टर गुना से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बोरवैल में गिरने से बालक की मृत्यु बेहद दुःखद है। सभी कलेक्टर यह सुनिश्चित करें कि इस प्रकार की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने पाए। सरकार किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने सभी कलेक्टर को निजी परिसर में भी खुले पड़े बोरवैलों को बंद करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अपने मैदानी अमले को मुस्तैद करें और बोरवेल खुले न छोड़े जाएं इसके लिए समाज में जन-जागरूकता का प्रसार भी करें।

गौ-शालाओं का करें समुचित प्रबंधन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिये हैं कि गौ-वंश के लिए चारे की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करें। नगरपालिका एवं नगर निगम अपनी-अपनी सीमा क्षेत्र में छोटी गौ-शालाओं का समुचित प्रबंधन करें। बड़ी गौ-शालाओं के लिए राज्य सरकार प्रबंधन की व्यवस्था करेगी।

प्रभारी अपर मुख्य सचिव 8 जनवरी को ग्वालियर में करेंगे समीक्षा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर संभाग के जन-प्रतिनिधियों द्वारा रखे गये सुझाव पर बताया कि ग्वालियर संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल 8 जनवरी 2025 को ग्वालियर में बैठक करेंगे। सभी जन-प्रतिनिधि लिखित में अपना मांग-पत्र सौंप दें। सभी की मांगों पर विचार कर सरकार समुचित निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि अब संभाग स्तरीय बैठकों में वित्त विभाग के संभागीय अधिकारी भी शामिल होंगे। यह अधिकारी वित्तीय मामलों में अपनी पक्ष और सुझाव रख सकेंगे।

**आयुष मंत्री परमार की अध्यक्षता में शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय की सामान्य परिषद की बैठक संपन्न**

## शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय में विभिन्न कार्यों के निर्माण का अनुमोदन



भोपाल(आरएनएस)-उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में सोमवार को मंत्रालय स्थित सभाकक्ष में शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय की सामान्य परिषद की बैठक हुई।

आयुष मंत्री श्री परमार ने महाविद्यालयीन गतिविधियों की समीक्षा की एवं विद्यार्थियों के हितों से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। श्री परमार ने महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के समग्र विकास, बेहतर अध्ययन-अध्यापन, शैक्षणिक एवं अकादमिक गुणवत्ता सुधार हेतु आवश्यक क्रियान्वयन कर, संस्थान की उत्तरोत्तर उत्कृष्टता के लिए कार्य करने के दिशा निर्देश दिए।

मंत्री श्री परमार ने महाविद्यालय में फार्मेसी, अतिरिक्त महिला छात्रावास भवन का निर्माण एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रारंभ करने सहित विभिन्न बिंदुओं पर व्यापक चर्चा की। श्री परमार ने महाविद्यालय में पदस्थ व्याख्याताओं एवं अधिकारियों के समयमान-वेतनमान संबंधी प्रक्रिया एवं इसके उपरांत उच्च पद प्रभार प्रक्रिया का भी नियत समयावधि पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने महाविद्यालय में नव चयनित व्याख्याताओं की नियुक्ति की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।

मंत्री श्री परमार ने महाविद्यालय में औषधी निर्माण शाला (फार्मेसी) शीघ्र प्रारंभ करने के लिए व्यापक कार्य योजना के साथ, आवश्यक यंत्र, उपकरण एवं मशीनरी आदि की उपलब्धता नियमानुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री परमार ने राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग नई दिल्ली के द्वारा प्रत्यायोजित दो विषयों सामुदायिक चिकित्सा एवं डर्मेटोलॉजी में स्नातकोत्तर एम.डी. होम्योपैथी पाठ्यक्रम प्रारंभ किये जाने एवं इसके लिए मापदण्डानुसार आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मंत्री श्री परमार ने छात्राओं की सुरक्षा के दृष्टिगत वर्तमान में संचालित 200 बिस्तरीय बालिका छात्रावास के साथ, 150 बिस्तरीय अतिरिक्त छात्रावास भवन के निर्माण का अनुमोदन किया। महाविद्यालय भवन के चहुंओर बाउंड्रीवॉल निर्माण करने को भी कहा। महाविद्यालय के विद्यार्थियों के सुलभ आवागमन के लिये कॉलेज बस क्रय करने के लिए भी अनुमोदन किया।

महापौर श्रीमती मालती राय ने होम्योपैथिक वेलनेस सेंटर के ऊपर एक फ्लोर के निर्माण कार्य कराये जाने, परिसर में हाईमास्क लाइट लगवाने एवं सीवेज समस्या के निराकरण करने की बात कही। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आयुष श्री डी.पी. आहूजा, आयुक्त आयुष श्रीमति उमा आर. माहेश्वरी, राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग नई दिल्ली के प्रतिनिधि एवं संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ. एस.के. मिश्रा सहित सामान्य परिषद के अन्य सदस्यगण सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इंदौर के डॉ. अंबेडकर नगर में डॉ. बीआर अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की.

## बिजली लाइनों के पास न उड़ाए पतंग- ऊर्जा मंत्री तोमर

भोपाल-(आरएनएस) ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने आने वाले मकर संक्रांति के त्यौहार के मद्देनजर पतंगबाजी को बिजली की लाइनों, ट्रांसफार्मरों और पोल से दूर रखने की अपील की है। उन्होंने बताया कि पतंगों और उनके धागों के कारण बिजली की लाइनों में फॉल्ट हो सकता है, जिससे न केवल विद्युत आपूर्ति बाधित होती है, बल्कि हादसे का भी खतरा बना रहता है। पतंगों में इस्तेमाल होने वाले धागे और बांस की कीमची, दोनों ही बिजली की लाइनों के लिए खतरनाक हो सकते हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि पतंगबाजी करते समय सावधानी बरतें और लाइनों, ट्रांसफार्मरों तथा पोल से दूर पतंग उड़ाएं, ताकि मकर संक्रांति का त्यौहार सुरक्षित और उल्लासपूर्ण तरीके से मनाया जा सके। विद्युत वितरण कंपनी ने यह भी चेतावनी दी है कि बिजली के तारों या पोल में फंसी पतंग को निकालने का प्रयास न करें। इसके अलावा, गिल्ली डंडे का खेल भी बिजली की लाइनों और डीपी से दूर खेलने का अनुरोध किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा संभाग में एमपीआरडीसी के निर्माण कार्यों की समीक्षा की



भोपाल (आरएनएस) उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रालय में रीवा संभाग में मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) की महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं की समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सभी परियोजनाओं में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे आमजन को इन महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं का शीघ्र लाभ मिल सके। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सीधी से सिंगरौली 4-लेन (लंबाई 105.59 किमी) और रीवा बायपास (लंबाई 19.20 किमी) के निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्यों को पूर्ण किया जाए। बताया गया कि सीधी-सिंगरौली मार्ग का शेष निर्माण कार्य 30 जून 2025 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। रीवा बायपास का कार्य आगामी दो वर्षों में पूर्ण किया जाएगा। रीवा-बायपास के लिए आरओडब्ल्यू उपलब्ध है और चिन्हांकन का कार्य प्रगतिरत है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आगामी शहडोल रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव को ध्यान में रखते हुए संबंधित सड़क निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने रीवा-शहडोल मार्ग (टेटका मोड़ तक एसएच-57) की प्रगति की समीक्षा की और वन विभाग द्वारा पूर्व में स्वीकृत मार्ग के सुदृढ़ीकरण के कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। एमडी एमपीआरडीसी श्री अविनाश लवानिया सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## अब तक 5 लाख 86 हजार से अधिक बिजली उपभोक्ताओं ने कराई ई-केवायसी

भोपाल-(आरएनएस) राज्य शासन की लाभकारी योजनाओं का फायदा लेने के लिए बिजली उपभोक्ताओं को ईकेवायसी कराना अनिवार्य है। उपभोक्ताओं से कहा गया है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपाय ऐप के जरिए भी ईकेवायसी करा सकते हैं। गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध उपाय ऐप डाउनलोड कर बिजली उपभोक्ता समग्र केवायसी में अपना उपभोक्ता क्रमांक एवं समग्र क्रमांक दर्ज करने के बाद लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी को दर्ज कर केवायसी प्रक्रिया को पूर्ण कर सकते हैं। केवायसी प्रक्रिया के तहत अब तक 5 लाख 86 हजार 097 उपभोक्ताओं ने सफलतापूर्वक केवायसी करा ली है। कंपनी ने बताया है कि केवायसी प्रक्रिया के तहत नर्मदापुरम ग्रामीण में 70 हजार 628, बैतूल ग्रामीण में 83 हजार 457, राजगढ़ ग्रामीण में 38 हजार 378, शहर वृत्त भोपाल में 46 हजार 223, भोपाल ग्रामीण में 36 हजार 676, गुना ग्रामीण में 31 हजार 623, विदिशा ग्रामीण में 41 हजार 482, सीहोर ग्रामीण में 22 हजार 953, ग्वालियर ग्रामीण में 20 हजार 841, शहर वृत्त ग्वालियर में 35 हजार 255, अशोकनगर ग्रामीण

## नवगठित पाठ्य-पुस्तक स्थायी समिति की प्रथम बैठक सम्पन्न

**प्रचलित पाठ्य-पुस्तकों के पुनरीक्षण के संबंध में हुआ विचार-विमर्श**



भोपाल-(आरएनएस) राज्य सरकार द्वारा हाल ही में पुर्नगठित मध्यप्रदेश पाठ्य-पुस्तक स्थायी समिति की प्रथम बैठक सोमवार 30 दिसम्बर को भोपाल के अरेरा हिल्स स्थित राज्य शिक्षा केन्द्र में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के नव-नियुक्त अध्यक्ष डॉ. अलकेश चतुर्वेदी ने की।

नवगठित समिति की प्रथम बैठक में पाठ्य-पुस्तकों में सम्मिलित करने के लिये विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। एनसीईआरटी स्वीकृत कक्षा-10वीं और 11वीं की अंग्रेजी पाठ्य-पुस्तक के विभिन्न पाठों और अंशों पर विचार किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश से जुड़ी सामग्री भी पुस्तकों में शामिल करने की दृष्टि से कक्षा 1, 2, 3 और कक्षा-6 की प्रचलित पुस्तकों के पुनरीक्षण और सामग्री तैयार करने के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के प्रारंभ में संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र श्री हरजिंदर सिंह ने पुर्नगठित समितिके अध्यक्ष डॉ. अलकेश चतुर्वेदी एवं अन्य सदस्यों का पुष्प-गुच्छ भेंटकर स्वागत किया। बैठक में समिति सदस्य डॉ. आशीष भारती, डॉ. बालाराम परमार, डॉ. रविन्द्र कुमार सोहोनी, डॉ. अनुपम जैन, डॉ. प्रेमलता नीलम, श्री रामकुमार वैद्य, डॉ. विनय सिंह चौहान, अपर संचालक लोक शिक्षण श्री आर.के. सिंह एवं सचिव, मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के प्रतिनिधि तथा राज्य शिक्षा केन्द्र के संयुक्त संचालक एवं नियंत्रक पाठ्यक्रम तथा पाठ्यपुस्तक डॉ. संजय पटवा सहित अकादमिक प्रकोष्ट के अन्य अधिकारी गण भी शामिल हुए।

**जीवन में आगे बढ़ने के लिए और वैज्ञानिक सोच रखने के लिए एक विजन आवश्यक - डॉ. शर्मा**

## भारत को विकसित देश बनाने के लिए परमाणु उर्जा आवश्यक है-परमाणु वैज्ञानिक डॉ. नायक





भोपाल-(आरएनएस) परमाणु वैज्ञानिक एवं प्रमुख, परमाणु नियंत्रण और योजना विंग, परमाणु उर्जा विभाग डॉ. अरुण कुमार नायक ने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने के लिए परमाणु उर्जा आवश्यक है। आने वाले समय में वह देश ही विकास कर पाएंगे जिनके पास उर्जा के स्त्रोत होंगे। वैज्ञानिक श्री नायक 11 वें भोपाल विज्ञान मेले के समापन सत्र में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्व में प्रमुख अर्थव्यवस्था 2047 तक बनने के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अत्यंत आवश्यक है बिना इसके विकास संभव नहीं है। बढ़ती जनसंख्या के कारण संसाधनों एवं उर्जा की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि परमाणु उर्जा ही हमारी उर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति कर सकती है। परमाणु वैज्ञानिक डॉ. नायक ने कहा कि परमाणु उर्जा सुरक्षित है एवं इसमें विकिरण को लेकर बहुत ही भ्रांतियां है। उन्होंने आह्वान किया कि देश में निर्मित वस्तुओं का ही उपयोग करें जिससे देश की इकोनामी मजबूत होने में मदद मिलेगी।

परमाणु वैज्ञानिक डॉ. नायक ने परमाणु ऊर्जा के महत्व को विस्तार से बताया कि कैसे यह ऊर्जा भारत को आत्मनिर्भर और स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों की दिशा में अग्रसर कर सकती है। डॉ. नायक ने इस बात पर जोर दिया कि ऊर्जा संसाधनों का उचित उपयोग करके भारत आने वाले 25 वर्षों में विश्व का अग्रणी राष्ट्र बन सकता है। उन्होंने छात्रों को परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में शोध और नवाचार के लिए प्रेरित किया। अखिल भारतीय संगठन सचिव विज्ञान भारती डॉ. शिव कुमार शर्मा ने इस अवसर पर छात्रों से आह्वान किया कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए और वैज्ञानिक सोच रखने के लिए एक विजन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि छात्रों की वैज्ञानिक जिज्ञासाओं का समाधान शिक्षकों द्वारा आवश्यक है क्योंकि पार्थ जैसा विद्यार्थी और कृष्ण जैसा गुरु जीवन को वैज्ञानिक सार्थकता और सफलता प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने दृष्टिकोण को सकारात्मक रखें और अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर मेहनत करते रहें तो हम समाज की सभी बुराइयों को दूर कर सकते हैं इस अवसर पर डॉ. अनिल कोठारी, महानिदेशक, म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, डॉ धीरेन्द्र स्वामी, सह सचिव विज्ञान भारती, डॉ अमोघ गुप्ता, अध्यक्ष विज्ञान भारती मध्य भारत, श्री संजय कौरव, सचिव विज्ञान भारती मध्य भारत उपस्थित थे। डॉ. धीरेन्द्र स्वामी ने पूरे 4 दिनों का प्रतिवेदन सभी के समक्ष रखा।

**सम्पादकीय**

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।

हम में से बहुत से लोगों के घर में लड्डू गोपाल विराजमान हैं। लड्डू गोपाल की सेवा में उनको स्नान कराने से लेकर उनके भोग का विशेष ध्यान रखा जाता है। वहीं सर्दियों के दिनों में तो लड्डू गोपाल का अधिक ध्यान रखने की आवश्यकता होती है। क्योंकि लड्डू गोपाल की सेवा भगवान की तरह नहीं बल्कि एक छोटे बच्चे की तरह की जाती है। ऐसे में अगर आपके घर में भी लड्डू गोपाल विराजमान हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि लड्डू गोपाल को ठंड के मौसम में किस तरह के वस्त्र पहनाने चाहिए।



## ट्रंप से भारतीय उद्योग जगत को विशाल अवसर

जीटीआरआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा है- डॉनल्ड ट्रंप के फिर राष्ट्रपति बनने से व्यापार की उभर रही सूरत भारतीय उद्योग जगत के लिए एक विशाल अवसर है, क्योंकि वे मेक्सिको, कनाडा, चीन और अन्य देशों पर नए शुल्क लगाने जा रहे हैं।'

कहानी पुरानी है। दुनिया में जब कोई बड़ा बदलाव आता है, तो भारत के राजनेता, थिंक टैंक, विशेषज्ञ और मीडिया धारणा बनाते हैं कि उससे भारत के लिए बड़ा अवसर पेश आएगा। मगर लगभग हर बार मौका निकल जाता है! तब किसी ऐसे नए %अवसर' से उम्मीद जोड़ी जाती है! डॉनल्ड ट्रंप ने अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले कार्यकाल में चीन के खिलाफ व्यापार युद्ध छेड़ा, तब कहा गया था कि उससे भारत के लिए बड़ा मौका पेश आएगा। निम्न-स्तरीय उत्पादन शृंखला में चीन का जो स्थान है, वह धीरे-धीरे खिसक कर भारत आ जाएगा। लेकिन अब विशेषज्ञ और थिंक टैंक ही नहीं, बल्कि भारत सरकार की संस्थाएं भी मानती हैं कि वो अवसर भारत ने गंवा दिया। अब ट्रंप फिर राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं, तो पुरानी बातें भूल कर फिर माहौल बनाया जा रहा है कि उनके दूसरे कार्यकाल की नीतियां भारत के लिए बहुत बड़ा अवसर साबित होंगी। नई दिल्ली स्थित आर्थिक थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने एक ताजा रिपोर्ट में कहा है- %डॉनल्ड ट्रंप के फिर राष्ट्रपति बनने से व्यापार की उभर रही सूरत भारतीय उद्योग जगत के लिए एक विशाल अवसर है, क्योंकि वे मेक्सिको, कनाडा, चीन और अन्य देशों पर नए शुल्क लगाने जा रहे हैं।' जीटीआरआई शायद इस संभावना को भूल गई कि उन अन्य देशों में भारत भी एक हो सकता है।

# आजाद भारत के इतिहास में बतौर कलंक निश्चित ही दर्ज रहेगी

हरिशंकर व्यास

यथा राजा तथा प्रजा, हम हिंदुओं का शाश्वत सूत्र वाक्य है। तभी जैसा मोदी राज वैसे ही संसद, संविधान, कोर्ट-कचहरी, विपक्ष, मीडिया आदि उन तमाम संस्थाओं का आज व्यवहार है, जिससे देश, कौम, नस्ल, धर्म, सभ्यता की वह शर्म है जो आजाद भारत के इतिहास में बतौर कलंक निश्चित ही दर्ज रहेगी। ईमानदारी से सोचें, सन् 2014 में निर्वाचित संसद के काम से लेकर इस सप्ताह की संसदीय घटनाक्रम में ऐसा तनिक भी कुछ है जैसा कांग्रेस, विपक्ष या वाजपेयी राज में था? तब की संसद कैसी थी, कैसे चलती थी और वही अब मोदी राज की संसद का क्या अनुभव है? जाहिर है जैसा प्रधानमंत्री, वैसा राज और वैसे ही बाकी सब। जैसा मोदी राज है वैसा विपक्ष है। और दोनों में इतनी भी समझ नहीं कि संसद और उसका परिसर पूरे भारत, पूरे देश के प्रतिनिधित्व का विशेषाधिकारपूर्ण गरिमामय स्थान है। जैसे लाल किले के बादशाह का दरबार ए खास या दरबार ए आम हुआ करता था। उस स्थान पर यदि पानीपत के मैदान वाली लड़ाई की शत्रुता में लाठियां (तख्तियां, भीड़) लेकर सांसद लड़े और उसके फैसले में चांदनी चौक का कोतवाल जाचंकर्ता हो तो वह कौम के लिए शर्म, कलंक, डूब मरने वाली क्या स्थिति नहीं है? ऊपर से हुजूर (आज के नरेंद्र मोदी), उनके वजीर खुद ही संसद की तौहीन व अपमान के लिए कोतवाल को बुलाकर उसके कान में फुसफुसा कर कहें यह मेरा विरोधी है, इस पर चार्जशीट बनाओ और कचहरी से जेल में बंद करवा दो। सोचें, संसद और उसके सांसद कानून बनाने वालों के लिए उसी की व्यवस्था में, कानूननिर्माताओं की जगह में सांसदों के व्यवहार का जांतकर्ता, निर्णयकर्ता एक कोतवाल! लंदन की संसद, वेस्टमिनिस्टर या दुनिया के किसी भी सभ्य लोकतंत्र में यह नजारा कभी देखने को नहीं मिला (और न मिलेगा) कि सांसदों की भीड़ में धक्कामुक्की हुई, तो प्रधानमंत्री के सांसद तुरंत बगल की कोतवाली जा कर एफआईआर कराएं! दुनिया वीडियो पर यह नौटंकी देखे कि सिर पर एक चिपी, फिर पट्टी, फिर पूरा सिर मानो ऑपरेट हुआ हो जैसा बड़ा पट्टा दिखला नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ कोतवाल द्वारा ताउम्र कैद की तमाम धाराओं में जांच! सोचें, लाल किले के किस मुगल बादशाह या नेहरू से ले कर डॉ. मनमोहन सिंह के राज में ऐसा हुआ? खुद सत्तापक्ष अपनी ही विधायिका के सांसदों के झगड़े, धक्कामुक्की की कोतवाल के यहां रिपोर्ट दर्ज कराते हुए! यदि निर्वाचित सरकार, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की एक संसद की प्रक्रिया को भी शांतिपूर्ण ढंग से नहीं चलवा पाए, विपक्ष के शोर-गतिरोध और प्रर्दशन का समाधान बातचीत से नहीं निकाल पाए तो यह किस बात का प्रमाण है? मोदी सरकार द्वारा चरित्र, बुद्धि और अपना कलंकित इतिहास बनाने का! तब संसद, संसदीय प्रक्रिया, नियमावली, स्पीकर, सभापति, उप सभापति, संसद नेता और प्रतिपक्ष नेता, संसदीय परिसर के कारिंदों आदि सबका क्या अर्थ है? उफ! बुद्धि, दिमाग, बेशर्मी और अहंकार। मुझे बहुत झटका लगा जब सुना कि धक्कामुक्की हुई और नेता प्रतिपक्ष को टारगेट बना कर सरकार के सांसदों ने कोतवाल के यहां जा कर शिकायत दर्ज कराई! क्या पतन है नेहरू राज से मोदी राज का! कल्पना करें ऐसा ही वाकया यदि वाजपेयी-आडवाणी के राज में हुआ होता? पहली बात वे अपनी संसद में ऐसी नौबत नहीं आने देते कि पचास-पचपन साल के विधायिकी अनुभवी वाले सांसदों के मुंह से यह शिकायत सुनाई दे कि उन्हें बोलने नहीं दिया जाता! उनके माइक बंद हो जाते हैं! उनके मुद्दे, नोटिस, बहस की मांग नहीं मानी जाती आदि, आदि। दूसरी बात, वाजेपयी और आडवाणी दोनों नेता विपक्ष को बुलाकर मंत्रणा, मान मनौव्वल, मनाने या उनकी मांग मानने के लिए हमेशा तत्पर हुआ करते थे। मुझे ध्यान है कि वाजपेयी राज में संसद भवन में सावरकर की तस्वीर लगी तो पूरे विपक्ष का जबरदस्त गुस्सा था, मगर बात का बतगंड़ नहीं हुआ जो अंबेडकर के मौजूदा बवाल में हुआ है। वाजपेयी याकि भाजपा राज की संसद ने सावरकर की तस्वीर लगाई तो लगाई। यह नहीं हुआ कि विपक्ष की आपत्ति पर भाजपा के सांसदों ने सावरकर के प्रति कांग्रेस सरकारों की उपेक्षा की तख्तियां ले कर तब की नेता विपक्ष सोनिया गांधी का रास्ता रोकने का हंगामा किया। और यह तो कल्पना ही नहीं संभव जो सत्ता पक्ष के सांसद को चोट लगे तो आडवाणी अपने सांसदों से कोतवाली जा कर शिकायत कराएं कि सोनिया गांधी ने धक्का दिया और हमारा बुजुर्ग सांसद घायल हुआ। एफआईआर दर्ज करो तथा सोनिया गांधी को तलब करो! सो, यथा राजा तथा भाजपा। यथा राजा तथा सरकार। यथा राजा तथा संसद। यथा राजा तथा मीडिया। यथा राजा तथा सुप्रीम कोर्ट। यथा राजा तथा विदेश नीति। यथा राजा तथा विकास। यथा राजा तथा समाज! यथा राजा तथा धर्म। हां, हम हिंदुओं के धर्म का भी नया बना इतिहास देखिए कि प्रधानमंत्री भगवान राम की ऊंगली पकड़ उन्हें उनके मंदिर में बैठा रहे हैं वही सहस्त्राब्दियों पुरानी सनातन परंपरा के कुंभ मौके का एक मुख्यमंत्री ऐसा हल्ला बना रहे हैं, मानों नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ नहीं होते तो ऐसा कुंभ नहीं होता!

## सरकारी आंकड़े ही संदिग्ध होते गए

पिकेटी का सुझाव है कि भारत को जीडीपी-टैक्स अनुपात में सुधार कर अतिरिक्त संसाधन इकट्ठा करना चाहिए। उसका निवेश मुफ्त स्कूली शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर को सशक्त करने में किया जाना चाहिए। यही विकसित देश बनने का रास्ता है।

बढ़ती आर्थिक गैर-बराबरी पर राजधानी में एक गंभीर चर्चा हुई। इसमें दो नजरिए उभर कर सामने आए। एक नजरिये की नुमानंदगी भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने की। उन्होंने कहा कि न्यायपूर्ण आर्थिक विकास को मापने का पैमाना आमदनी की गैर-बराबरी कम करना नहीं, बल्कि गरीबी घटाना है।

उन्होंने दावा किया कि पूंजी पर टैक्स लगाने से निवेश नहीं बढ़ेगा, बल्कि पूंजी का पलायन शुरू हो जाएगा। उनका यह दावा भी दिलचस्प है कि समानता थोपने से सूक्ष्म एवं लघु व्यापार को अधिक क्षति पहुंचती है। ऐसी कोशिश को नागेश्वरन ने सीमा लगाने का अत्याचार बताया और कहा कि ऐसा करने पर छोटे कारोबारी छोटे ही रह जाएंगे।

%गैर-बराबरी, आर्थिक वृद्धि एवं समावेशन' विषय पर हुई इस चर्चा में दूसरा पक्ष विश्व प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थॉमस पिकेटी रख चुके थे।

पिकेटी ने अपनी चिर-परिचित राय रखी कि भारत को जरूरत जीडीपी-टैक्स अनुपात को सुधारने की है।

उनका सुझाव है कि भारत को सबसे धनी एक फीसदी लोगों पर दो फीसदी धन कर लगाना चाहिए जाए और आय कर व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाना चाहिए।

इससे इकट्ठा अतिरिक्त संसाधनों का निवेश मुफ्त स्कूली शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और इन्फ्रास्ट्रक्चर को सशक्त करने में किया जाना चाहिए।

यही विकसित देश बनने का रास्ता है। मगर नागेश्वरन की बात से साफ है कि भारत सरकार इस नजरिए से बिल्कुल सहमत नहीं है।

## नया साल मनाने जा रहे बेटे बेटियों को सावधान करें

रमेश शर्मा

केवल भारत ही नहीं पूरी दुनियाँ नया साल मनाने की तैयारी हो रही है । नदियों झील, समन्दर और पहाड़ों के पर्यटन स्थल और महानगरों में बार, होटल रेस्टोरेंट बुक हो चुके हैं । लेकिन एक बात समझ लें। गत वर्ष सौ से अधिक युवा घर लौट ही नहीं सके थे । वे या तो या तो नशे में गाड़ी चलाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुये अथवा नशे में हुये झगड़ों का शिकार बने थे। घायलों की संख्या भी सैकड़ों में रहीं। गत वर्ष केवल उत्तराखंड के पर्यटन स्थलों पर छै मौतें, पचहत्तर घायल हुये थे । आपसी झगड़ों में पुलिस ने आधीरात को 55 युवा बंदी बनाये थे । वर्ष 2024 के समापन के पल समीप आ गये । भारत में यह वर्ष अनेक उपलब्धियों की सौगात देकर विदा हो रहा है । पूरी दुनियाँ के साथ भारत में भी नववर्ष के स्वागत की तैयारी के समाचार मीडिया में आने लगे। यह तैयारी पर्यटन स्थलों, होटल, बार, रेस्टोरेंट आदि में अधिक है । अंग्रेज क्रिसमस की इन छुट्टियों में मंसूरी नैनीताल आदि पहाड़ों पर जाया करते थे । अंग्रेज भले चले गये छुट्टियों में पहाड़ों पर जाने की परंपरा छोड़ गये । हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी पहाड़ों के अधिकांश होटल बुक हो चुके हैं । पिछले वर्ष तो रास्ते में पाँच-पाँच किलोमीटर के जाम लगा था । इसके अतिरिक्त वर्ष हजारों लाखों लोगों द्वारा अपने नगर के होटलों में पार्टी देने की ही नहीं, कमरों की बुकिंग भी हो गई है ।

समय की तेज गति से अब यह प्रश्न पीछे छूट गया कि भारतीय परंपरा में नया साल कब आता है और कैसे मनाया जाता है। भारतीय शासन व्यवस्था और समाज जीवन एक जनवरी को नया साल मनाने की परंपरा में ढल गया है । दैनिक जीवन के कार्य ही नहीं अब तो जन्म पत्रिकाएँ भी अंग्रेजी वर्ष के दिनांक से बनती हैं। कुण्डली दिखाने के लिये भी अंग्रेजी दिनांक ही दी जाती है । यह आधुनिक नया साल प्रात:कालीन सूर्योदय से आरंभ नहीं होता । यह आधी रात से होता है । नये साल का उत्सव भी आधी रात को मनाया जाता है । आधी रात के इस उत्सव की दो विशेषताएँ होतीं हैं। एक यह उत्सव बिना शराब पार्टी के पूरा नहीं होता और दूसरा अधिकांश आयोजनों में स्त्री पुरुष साथ होते हैं । हालाँकि कुछ पार्टियों में परिवार और पारिवारिक मित्रों के साथ होती हैं । लेकिन अनेक पार्टियों में भाग लेने वाले जोड़े, पति पत्नि नहीं, 卐मित्र卐 होते हैं। इनमें अधिकांश वे युवा होते हैं जो पढ़ाई या जॉब के लिये घरों से बहुत दूर रहते हैं। पिछले साल नववर्ष की रात जो घटनाएँ घटीं थीं उनमें अधिकांश इसी प्रकार के समूहों के बीच घटीं थीं। जो हत्या, प्राण घातक मारपीट, बलात्कार, बलात्कार का प्रयास और बेहद घटिया छेड़छाड़ से भरीं थीं। वर्ष 2022 और 2023 के बीच एवं वर्ष 2023 और 2024 के बीच मनाये गये नववर्ष उत्सव की मध्य में रात्रि 10 बजे से 2-30 बजे के बीच केवल साढ़े चार घंटे में देश की राजधानी दिल्ली में कुल बत्तीस बड़े अपराध घटे थे । जिसमें उन्नीस बहुत गंभीर थे। इनमें चार मर्डर और बारह बलात्कार एवं बलात्कार का प्रयास थे । यदि इसमें दून, मुम्बई, बंगलूर, हैदराबाद, चैन्नई आदि 17 महानगरों के आँकड़े जोड़ें तो बड़े अपराधों की यह संख्या सौ से अधिक होती है ।

## शरीर पर घी लगाना शुभ या अशुभ, जानिए क्या कहता है ज्योतिष शास्त्र

ज्योतिष शास्त्र में घी को विशेष महत्वपूर्ण माना जाता है। धार्मिक अनुष्ठानों में घी के बिना पूजा अधूरी मानी जाती है। सभी देवी-देवताओं को भी घी बेहद प्रिय होता है। घी शुद्धता और शुभता को दर्शाता है। इसके साथ ही घी को पुण्य अर्जित करने वाला भी माना जाता है। कहा जाता है कि अगर किसी व्यक्ति को किसी तरह की कोई परेशानी आ रही है, तो घी के कुछ उपाय करने से व्यक्ति को लाभ मिल सकता है। वहीं घी का उपयोग स्वास्थ्य के लिहाज से भी अच्छा माना जाता है। लेकिन बहुत सारे लोगों के मन में यह सवाल आता है कि शरीर पर घी लगाना शुभ है या अशुभ। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि शरीर पर घी लगाना शुभ होता है या अशुभ। धार्मिक मान्यता के मुताबिक शरीर पर घी भूलकर भी नहीं लगाना चाहिए। माना जाता है कि शरीर पर घी लगाने से अशुभता का संचार होता है। इसलिए जीवित व्यक्ति को शरीर पर घी नहीं लगाना चाहिए। वहीं मृतक के शरीर पर घी लगाने की मान्यता है। कहा जाता है कि मृतक के शरीर पर घी लगाने से उसका शरीर ठीक से जलता है और घी को पवित्रता का भी कारक माना जाता है। इसलिए मृतक के शरीर पर घी लगाया जाता है। कहा जाता है कि मृतक के शरीर पर घी लगाने से उसको बैकुंठ की प्राप्ति होती है।

## देवेन्द्र यादव चुनावी तैयारी में कहीं आगे निकल चुके

अनिल चतुर्वेदी

दिल्ली में सरकार किसकी बनती है और कौन बनता है दिल्ली का सीएम यह तो बाद की बातें हैं लेकिन सच तो यह भी है कि कांग्रेस या भाजपा में नेता इस मक़सद से तो टिकट की माँग भी नहीं कर रहे और न ही हिम्मत जुटा पा रहे हैं पर हाँ यह ज़रूर है कि पब्लिसिटी और नंबर बनाने या फिर रुतबे के लिए पार्टियों के नेता केजरीवाल के रहते खुद को उनके सामने लाना चाह रहे हैं। नई दिल्ली से जीतने वाला नेता अक्सर सीएम का दावेदार रहा है सो आप पार्टी से पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस विधानसभा से मैदान आ चुके हैं ,कांग्रेस पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे संदीप को अपना उम्मीदवार बना चुकी है रही बात भाजपा की सो अभी उम्मीदवार तय नहीं है।

दिसंबर के आखरि् में उम्मीदवार तय किए जाने की उम्मीद है। यह अलग बात है कि पार्टी ने यहाँ से उम्मीदवारी को लेकर कई बार रणनीति बनाई पर नतीजा कुछ नहीं निकला। अब जो सबसे यादा दावेदारी कर रहे हैं वे हैं पूर्व मुख्यमंत्री स्व॰ साहिब सिंह वर्मा के बेटे और पूर्व सांसद प्रवेश साहिब सिंह । नेताजी बाहरी दिल्ली से सांसद रहे हैं। 2024 के लोकसभा चुनावों में जिन छह सांसदों के टिकट पार्टी ने काटे थे प्रवेश उनमें से एक हैं। अब पार्टी ने भले प्रवेश के नाम की घोषणा यहाँ से चुनाव लडऩे के लिए नहीं की हो पर नेताजी ने इस विधानसभा की दीवारों को अपने नाम और यहाँ से लडऩे का संकेत देकर पाट दिया है। यही नहीं सोशल मीडिया और अख़बारों में भी इसी तरह की पिछले दिनों खबरें भी छपीं हैं।

बाहरी दिल्ली से ही लोकसभा चुनावों में पार्टी उम्मीदवार को समर्थन देने को लेकर भी अपने ये नेताजी सुर्खियों में रहे थे। और तो और पिछले दिनों कार्यकर्ताओं की मीटिंग में भी कुछ ऐसे ही संकेत दिए गए कि मानो वे नई दिल्ली से पार्टी उम्मीदवार है और सीएम के दावेदार हों । साथी नेताओं ने तो इस मीटिंग में यहाँ तक कह भी डाला कि उन्हें इन नेताजी को जिताना है पर शायद भाजपा की ज़मीन पर अभी ऐसा कुछ भी नहीं बताया जा रहा है। कि नेताजी उम्मीद हैं भी या नहीं ।या यह मानिए कि अभी सिर्फ़ ख्याली पुलाव वाली बात।

यह ज़रूर है कि नेताजी ने इस मीटिंग में खान-पान की व्यवस्था ज़रूर की थी और नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज इसमें मौजूद थीं।अब भला नेताजी अपने संसदीय क्षेत्र की दस विधानसभाओं में किसी एक से लड़कर बाहर की नई दिल्ली से लडऩे की इच्छा क्यूं जता रहे हैं भाजपा ही नहीं बाक़ी राजनीतिक दलों में भी यह चर्चा का सवाल बना हुआ है।

## इस दिशा में भूलकर भी नहीं बनवाना चाहिए सोने का कमरा, पति-पत्नी में बढ़ने लगती है तकरार

वास्तु शास्त्र में दिशाओं का हमारे जीवन में बहुत महत्व बताया जाता है। हर दिशा एक तरह की एनर्जी से जुड़ी होती है। ऐसे में हम इन दिशाओं में जो भी काम किया जाता है, उस पर इन्हीं ऊर्जाओं का प्रभाव पड़ता है। जैसे, दक्षिण दिशा यमलोक और पितरों की दिशा मानी जाती है। वास्तु शास्त्र के मुताबिक पौराणिक मान्यता भी है कि दक्षिण दिशा की तरफ से मुंह करके पूजा-पाठ या मांगलिक कार्य नहीं करना चाहिए। वास्तु शास्त्र में भी इस बात का उल्लेख किया गया है कि सोने के लिए कौन सी दिशा उत्तम मानी जाती है। ऐसे में लोगों के मन में यह सवाल रहता है कि ईशान कोण दिशा में शयन कक्ष यानी सोने वाले कमरे के होने से क्या होता है। वास्तु के मुताबिक घर, ऑफिस या फिर किसी भवन की उत्तर-पूर्व दिशा को ईशान कोण दिशा कहा जाता है। यह दिशा परम पिता परमेश्वर की दिशा मानी जाती है, जिस पर देवगुरु बृहस्पति का आधिपत्य होता है। इसलिए ईशान कोण दिशा में शयनकक्ष नहीं बनाना चाहिए।

## विचार विमर्श की प्रक्रिया विपक्ष की वजह से लंबी खींची रही

एस. सुनील


संसद का शीतकालीन सत्र एक महीने चला और चार हफ्ते की कार्यवाही के दौरान कोई विधायी कार्य संपूर्ण नहीं हुआ। सरकार ने चार विधेयक जरूर प्रस्तुत किए परंतु एक भी विधेयक दोनों सदनों से स्वीकार होकर कानून बनने के लिए राष्ट्रपति के पास नहीं भेजा गया। विपक्षी पार्टियों ने हर किस्म की नकारात्मकता दिखाई। एक अनावश्यक मुद्दे पर संसद को ठप्प किया। उसके बाद उप राष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति श्री जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। देश के नागरिकों ने क्या विपक्ष का चुनाव उसी काम के लिए किया है, जो विपक्षी पार्टियों ने संसद के शीतकालीन सत्र में किया है? यह यक्ष प्रश्न है और इसका जवाब निश्चित रूप से विपक्षी पार्टियों के देना चाहिए। संसदीय लोकतंत्र की यह सुंदरता है कि इसमें मतदाता सिर्फ सरकार नहीं चुनते हैं, बल्कि विपक्ष भी चुनते हैं। उन्होंने तीन चुनाव में पहली बार कांग्रेस को मुख्य विपक्षी दल के तौर पर चुना है। इससे पहले दो चुनावों में देश के मतदाताओं ने कांग्रेस को मुख्य विपक्षी पार्टी बनने लायक जनादेश भी नहीं दिया था। परंतु इस बार उसे मुख्य विपक्षी पार्टी का जनादेश मिला तो क्या वह इसलिए मिला कि श्री राहुल गांधी आधिकारिक रूप से नेता प्रतिपक्ष बनें और अपने 99 सांसदों के दम पर संसद को ठप्प कर दें या संसद के सत्र में अनावश्यक मुद्दे उठाएं और कामकाज बाधित करें या संसदीय परंपराओं को खंडित करें और एक सांसद ने नाते मर्यादा की गिरावट की नई मिसाल बनाएं?

मतदाताओं ने सरकार का बहुमत कम किया और विपक्ष की शक्ति बढ़ाई तो उसका उद्देश्य सरकार को पहले से ज्यादा जवाबदेह बनाने के साथ साथ विपक्ष को भी रचनात्मक भूमिका देने का था। परंतु ऐसा लग रहा है कि विपक्ष ने जनादेश की गलत व्याख्या कर ली। उसको लग रहा है कि जनता ने उसे सरकार को कामकाज नहीं करने देने के लिए पहले से ज्यादा शक्तिशाली बनाया है। संसद के शीतकालीन सत्र में विपक्षी पार्टियों ने इसी धारणा के साथ काम किया। पहले दिन से विपक्षी सांसदों ने अनावश्यक मुद्दे उठाए और कामकाज नहीं चलने दिया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सत्र के पहले दिन, 25 नवंबर को विपक्षी पार्टियों से आह्वान किया था कि संसद के सुचारू संचालन में सहयोग करें। संसदीय कार्यमंत्री श्री किरेन रिजीजू ने कहा था कि सरकार हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार है। परंतु पहले दिन से ऐसा लगा कि मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने संकल्प किया हुआ है कि कार्यवाही नहीं चलने देनी है। उसने पहले दिन से अडानी समूह का मुद्दा उठाया। यह सही है कि अमेरिका की एक अदालत में अडानी समूह से जुड़े आठ लोगों के खिलाफ गंभीर आरोप लगे हैं। परंतु क्या कांग्रेस पार्टी खासतौर से श्री मल्लिकार्जुन खडग़े और श्री राहुल गांधी कभी यह सोचते हैं कि हर बार संसद सत्र से ठीक पहले इस तरह के मुद्दे कहां से और क्यों आ जाते हैं? पूरे वर्ष में संसद के सिर्फ तीन सत्र होते हैं। अधिकतम चार महीने संसद की कार्यवाही चलती है। परंतु हर बार उससे पहले कोई न कोई विदेशी मीडिया या रिसर्च संस्थान या कोई गैर सरकारी संगठन भारत को लेकर कथित खुलासा कर देता है और उसके बाद विपक्षी पार्टियां उसके आधार पर हंगामा करके संसद नहीं चलने देती हैं। विपक्ष को निश्चित रूप से यह सोचना चाहिए कि हर बार सत्र से पहले क्यों हिंडनबर्ग या पेगासस या ओसीसीआरपी या मीडियापार्ट की खबरें आती हैं? और उसके आधार पर संसद नहीं चलने या पक्ष और विपक्ष में टकराव बढने से किसका फायदा होता है और किसको नुकसान होता है? संसद का शीतकालीन सत्र एक महीने चला और चार हफ्ते की कार्यवाही के दौरान कोई विधायी कार्य संपूर्ण नहीं हुआ। सरकार ने चार विधेयक जरूर प्रस्तुत किए परंतु एक भी विधेयक दोनों सदनों से स्वीकार होकर कानून बनने के लिए राष्ट्रपति के पास नहीं भेजा गया। विपक्षी पार्टियों ने हर किस्म की नकारात्मकता दिखाई। एक अनावश्यक मुद्दे पर संसद को ठप्प किया। उसके बाद उप राष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति श्री जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। यह पहली बार हुआ कि विपक्ष ने लगातार दो सत्रों में सभापति के खिलाफ इस तरह से अविश्वास प्रस्ताव का प्रयास किया। हालांकि सत्र के अंतिम दिन उप सभापति श्री हरिवंश ने विपक्ष को नोटिस को नामंजूर कर दिया। लेकिन विपक्ष ने दिखा दिया कि वह टकराव बढ़ाने के लिए किस हद तक जाने को तैयार है। रचनात्मक भूमिका निभाने और संसदीय कार्यवाही में सकारात्मक योगदान देने की बजाय विपक्ष की यह नकारात्मकता उसको खुद को तो नुकसान पहुंचा ही रही है अंतत॰ देश को भी नुकसान पहुंचा रही है।

विपक्ष ने संसद को एक तरह से राजनीतिक उद्देश्य पूरा करने के लिए लड़ाई का मैदान बना दिया है। इसे शीतकालीन सत्र के अंतिम तीन दिन की कार्यवाही से समझा जा सकता है। राज्यसभा में संविधान पर दो दिन की चर्चा का जवाब देते हुए मंगलवार, 17 दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री श्री अतिम शाह ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के प्रति उमड़े विपक्ष के नए नए प्रेम पर तंज किया और कहा कि, %अभी एक नया फैशन हो गया है अंबेडकर, अंबेडकरज् इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता'। इसमें डॉक्टर अंबेडकर के लिए कुछ भी अपमानजनक नहीं है।

यह विपक्ष पर व्यंग्य था क्योंकि कांग्रेस और उसकी ज्यादातर सहयोगी पार्टियों ने कभी भी बाबा साहेब अंबेडकर को वह सम्मान नहीं दिया, जिसके वे हकदार थे। कांग्रेस ने उनको भारत रत्न नहीं मिलने दिया। उन्हें भारत रत्न तब मिला, जब कांग्रेस दूसरी बार केंद्र की सत्ता से बाहर हुई और भाजपा के समर्थन वाली सरकार बनी। कांग्रेस को जब लगा कि डॉक्टर अंबेडकर की अनदेखी करने और एक परिवार के लिए सब कुछ आरक्षित करने की उसकी नीति सवालों के घेरे में आई हुई है तो उसने उलटे बाबा साहेब के अपमान का मुद्दा बना दिया। जिन लोगों ने अपने लंबे शासनकाल में कभी भी डॉक्टर अंबेडकर को सम्मान नहीं दिया और दलितों, पिछड़ों, वंचितों के लिए बाबा साहेब की सोच को शासन में लागू नहीं किया उन लोगों ने उनके अपमान का झूठा मुद्दा बना कर संसद को लड़ाई का अखाड़ा बना दिया। शीतकालीन सत्र में संसदीय राजनीति पर धब्बा लगाने वाली दूसरी घटना भी इसी से जुड़ी है। डॉक्टर अंबेडकर के कथित अपमान के मसले पर प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों के सांसद इतने आक्रामक हो गए

## -:: आज का राशिफल ::-




मेष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। लंबे समय से चल रही किसी समस्या से आज आपको निजात मिलेगी और आपकी चतुराई और योग्यता की सराहना होगी ।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज दिन भर भागा-दौड़ी की स्थिति रहेगी लेकिन कार्य भी सुचारू रूप से बनते जाएंगे।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है किसी भी नए निवेश के बारे में प्लान करें आपको अच्छा लाभ हो सकता है। घर में किसी नन्हे मेहमान के आगमन संबंधी शुभ समाचार मिलने से उत्सव का माहौल रहेगा।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी समारोह में शामिल होंगे आपकी उपस्थिति को महत्त्व मिलेगा। कोरियर का बिजनेस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा मिलेगा।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। कार्यस्थल पर गंभीरता और ईमानदारी से अपने प्रोजेक्ट को अंजाम दें, इस समय आपकी तरक्की के भी योग बन रहे हैं। आज समय आपके पक्ष में है ।

कन्या राशि : आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने बड़े भाई से प्रॉपर्टी से रिलेटेड बात करेंगे और फाइनेंस सम्बंधित कुछ योजनाये बनेगी। आज आपका काम करने का जनून आपको मेहनत करने की क्षमता प्रदान करेगा।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप करीबी व्यक्ति के बारे में गहराई से विचार करके रिश्ता सुधारेंगे। आज जिम्मेदारियां रहेंगी, लेकिन उनसे भागने की बजाय बेहतर तरीके से पूरा करने की कोशिश करेंगे।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी भी नकारात्मक स्थिति में घबराने की बजाय उसका समाधान ढूंढे तो जल्दी ही हल मिलेगा। वाहन अथवा किसी महंगे उपकरण के खराब होने से बड़ा खर्चा सामने आएगा ।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं।

मकर राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज किसी भी काम को करने से पहले उससे संबंधित उचित जानकारी हासिल करेंगे, फिर उस पर काम करेंगे ।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज प्रोजेक्ट कार्य में आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज पारिवारिक सदस्यों के साथ किसी महत्वपूर्ण विषय पर सहमति बन जाने से राहत की सांस लेंगे।



वायनाड से सांसद और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने रविवार को वायनाड भूस्खलन त्रासदी को गंभीर प्रकृति की आपदा% घोषित करने के लिए गृह मंत्रालय की सराहना की। इसे सही दिशा में उठाया गया कदम बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे उन लोगों को काफी मदद मिलेगी, जिन्हें इसके दुष्परिणामों का सामना करना पड़ा है और पुनर्वास की जरूरत है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि मुझे खुशी है कि अमित शाह जी ने आखिरकार वायनाड त्रासदी को गंभीर प्रकृति की आपदा घोषित करने का निर्णय लिया है।

# संविधान हमारे लिए दिशा दिखाने वाली रोशनी, ये समय की हर कसौटी पर खरा उतरा-पीएम मोदी

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र ने रविवार को अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के जरिए लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को नए साल की शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा पीएम मोदी ने संविधान पर भी बात की। 'मन की बात' के 117वें एपिसोड में पीएम मोदी ने कहा कि 2025 में 26 जनवरी को हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष होने जा रहे हैं। हम सभी के लिए बहुत गौरव की बात है। हमारे संविधान निर्माताओं ने हमें जो संविधान सौंपा है, वो समय की हर कसौटी पर खरा उतरा है। संविधान हमारे लिए दिशा दिखाने वाली रोशनी है, हमारा मार्गदर्शक है।

उन्होंने कहा कि देश के नागरिकों को संविधान की विरासत से जोड़ने के लिए ष्ध्ठ्ठ्यहद्बह्लहलद्बश्ठ्ठ75.ष्ध्द्ब नाम से एक खास वेबसाइट भी बनाई गई है। इसमें आप संविधान की प्रस्तावना पढ़कर अपना वीडियो अपलोड कर सकते हैं। अलग-अलग भाषाओं में संविधान पढ़ सकते हैं, संविधान के बारे में प्रश्न भी पूछ सकते हैं। 'मन की बात' के श्रोताओं से, स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों से, कॉलेज में जाने वाले युवाओं से, मेरा आग्रह है, इस वेबसाइट पर जरूर जाकर देखें, इसका हिस्सा बनें।

पीएम मोदी ने कहा कि महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में ही नहीं है। कुंभ की विशेषता इसकी विविधता में भी है। इस आयोजन में करोड़ों लोग एक साथ एकत्रित होते हैं। लाखों संत, हजारों परम्पराएं, सैकड़ों संप्रदाय, अनेकों अखाड़े, हर कोई इस आयोजन का हिस्सा बनता है। कहीं कोई भेदभाव नहीं दिखता है, कोई बड़ा नहीं होता है, कोई छोटा नहीं होता है। अनेकता में एकता का ऐसा दृश्य विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि पहली बार कुंभ आयोजन में एआई चैटबॉट का प्रयोग होगा। इसके माध्यम से 11 भारतीय भाषाओं में कुंभ से जुड़ी हर तरह की जानकारी हासिल की जा सकेगी। इस चैटबॉट से कोई भी टेक्स्ट टाइप करके या बोलकर किसी भी तरह की मदद मांग सकता है।

**प्रधानमंत्री मोदी ने महाकुंभ की भव्यता पर डाला प्रकाश , 'मन की बात' में एकता के संदेश पर दिया जोर**

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 117वें एपिसोड के दौरान महाकुंभ की तैयारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने भव्य महाकुंभ के एकजुटता की भावना के संदेश पर जोर दिया।

पीएम मोदी ने कहा कि 13 जनवरी से प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। इस समय संगम तट पर भव्य तैयारियां चल रही हैं। जब हम कुंभ में भाग लें, तो समाज में विभाजन और नफरत की भावना को खत्म करने का संकल्प लें। कुंभ आयोजन में पहली बार एआई चैटबॉट का इस्तेमाल किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि एआई चैटबॉट के जरिए कुंभ से जुड़ी सभी तरह की जानकारी 11 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होगी। कहीं कोई भेदभाव नहीं है, कोई बड़ा नहीं है, कोई छोटा नहीं है। इसलिए हमारा कुंभ एकता का महाकुंभ भी है। श्रद्धालुओं को उनके मोबाइल फोन पर सरकार द्वारा स्वीकृत टूर पैकेज, आवास और होमस्टे की जानकारी दी जाएगी।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि महाकुंभ की विशेषता केवल इसकी विशालता में ही नहीं है, कुंभ की विशेषता इसकी विविधता में भी है। इस आयोजन में करोड़ों लोग एक साथ एकत्रित होते हैं। लाखों संत, हजारों परम्पराएं, सैकड़ों संप्रदाय, अनेकों अखाड़े, हर कोई इस आयोजन का हिस्सा बनता है। कहीं कोई भेदभाव नहीं दिखता है, कोई बड़ा नहीं होता है, कोई छोटा नहीं होता है। अनेकता में एकता का ऐसा दृश्य विश्व में कहीं और देखने को नहीं मिलेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, डिजिटल नेविगेशन की मदद से आप महाकुंभ 2025 में विभिन्न घाटों, मंदिरों और साधुओं के अखाड़ों तक पहुंच सकेंगे।




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें आगामी महाकुंभ 2025 में आने का निमंत्रण दिया।




पटना के गांधी मैदान में कथित अनियमितताओं के कारण बीपीएससी अभ्यर्थियों ने 70वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा की पुन: परीक्षा की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

## 15 दिनों में ही मेरी विधानसभा से 5 हजार से ज्यादा वोट कटवाने के एप्लीकेशन दिए गए : केजरीवाल

नई दिल्ली (आरएनएस)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा हर हाल में चुनाव जीतना चाहती है। इसलिए लगातार वोट कटवाने के एप्लीकेशन डाले जा रहे हैं। इसके साथ-साथ नए वोट जोड़ने के भी एप्लीकेशन दिए जा रहे हैं। जिनका कोई अता-पता नहीं है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा के पास ना कोई सीएम का चेहरा है और ना ही कोई उम्मीदवार। दिल्ली में भाजपा अपनी हार मान चुकी है। इसलिए अलग-अलग हथकंडे अपना कर किसी भी हालत में चुनाव जीतना चाहती है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मेरी विधानसभा नई दिल्ली इलाके में बीते 15 दिनों में ही अभी तक 5 हजार से ज्यादा वोट कटवाने के एप्लीकेशन दिए गए हैं और 10 हजार से ज्यादा नए वोट जोड़ने के एप्लीकेशन भी दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 1 लाख 6 हजार वोट कुल नई दिल्ली विधानसभा में मौजूद हैं। 29 अक्टूबर से 14 दिसम्बर तक सिर्फ 900 वोट डिलीट के लिए एप्लीकेशन आए थे और 15 दिसंबर से अभी तक 5 हजार वोट डिलीट करने के लिए भाजपा ने एप्लिकेशन डाली है। जबकि 29 अक्टूबर को चुनाव आयोग ने समरी रिवीजन के बाद वोटर लिस्ट जारी की थी। 2 महीना चुनाव आयोग घर-घर जाकर रिवीजन का काम करता है तो उसके बाद यह एप्लीकेशन क्यों आ रही है। उन्होंने कहा कि वोट तो नागरिकता का प्रमाण है। ऐसे में वोट डिलीट करने की एप्लीकेशन से उनको मिलने वाले लाभ से लोगों को वंचित किया जा रहा है। अरविंद केजरीवाल ने बताया कि जब भी किसी विधानसभा इलाके में 2 प्रतिशत से ज्यादा वोट डिलीट करने की एप्लीकेशन आती है तो वह फाइल बीएलओ के पास से सीधे रिटर्निंग ऑफिसर को चली जाती है और रिटर्निंग ऑफिसर उनका मुआयना कर फैसला लेता है। ऐसे ही अगर वोट जोड़ने की भी 4 प्रतिशत से ज्यादा एप्लीकेशन आती है तो उसका भी सर्वे होता है। अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भाजपा हरियाणा के फर्जी वोटरों के वोट जुड़वाकर उन्हें वोट देने के लिए तैयार कर रही है और एक-एक घर से 15-15, 22-22 वोटों को जोड़ने की एप्लीकेशन आ रही है। अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया है कि भाजपा तीन हथकंडे अपना रही है। जिसमें पहला वोट कटवाने का, दूसरा फर्जी वोट जुड़वाने का और तीसरा पैसे बांटकर वोट खरीदने का। इन हथकंडों के जरिए भाजपा लगातार हारे हुए चुनाव को जीतने का प्रयास कर रही है।

**बाईक खरीदने के लिए लगा दी बेटे की कीमत! इतने रुपए में किया सौदा**

बालासोर (आरएनएस)। ओडिशा के बालासोर जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां के बस्ता इलाके के एक दंपति पर अपने नवजात शिशु को 60,000 रुपये में बेचने का आरोप लगा है। आरोप है कि दंपति ने इस पैसे से एक मोटरसाइकिल खरीदी।

पुलिस और बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) की एक संयुक्त टीम ने एक गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को बच्चे को मयूरभंज जिले के सैनकुला गांव

## जम्मू-कश्मीर : कठुआ में तैयार हो रहा एग्रो-पार्क, आलू की कई किस्में होंगी तैयार

कठुआ (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में कठुआ जिले के सरथल में 110 कनाल (1 बीघा में करीब 2.204 कनाल) जमीन में आलू की विभिन्न किस्मों को तैयार किया जाएगा। इसके लिए फार्म विकसित किया जा रहा है। उद्देश्य कृषि-पर्यटन और उच्च गुणवत्ता वाले कुफरी बादशाह बीज के उत्पादन को बढ़ाना और बीजों के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भरता कम करना है।

कठुआ जिले के मुख्य कृषि अधिकारी संजीव राय ने इसके बारे में जानकारी देते हुए बताया, हमने सरथल में एक आलू का फार्म शुरू किया है, जो एक बड़ी और अनोखी परियोजना है। इस परियोजना के तहत, हम एग्रो-टूरिज्म को बढ़ावा देने के साथ-साथ पर्यटन आधारित विकास भी कर रहे हैं। हमें जिला प्रशासन से 110 कनाल जमीन (1 बीघा में करीब 2.204 कनाल) आवंटित की गई है। इसमें उच्च गुणवत्ता वाला आलू बीज, जो किसी भी रोग से मुक्त होता है, लगाया जाएगा।

इस बीज का चयन इस क्षेत्र की जलवायु और मिट्टी के अनुसार किया गया है, ताकि यहां के किसानों को स्थानीय बीज मिले और उनकी उपज और उत्पादकता में सुधार हो। उन्होंने आगे कहा, हमने पहले चरण में टेंडर जारी कर दिया है और यह परियोजना मुख्य सड़क से जुड़ी हुई है।



सियोल से 288 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में मुआन में मुआन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अग्निशमन कर्मी बचाव अभियान चलाते हुए, 181 लोगों को ले जा रहा एक यात्री विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया.

## हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी से जाम में फंसे पर्यटक, रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

कुल्लू (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के तमाम इलाकों में शुक्रवार से बारिश और बर्फबारी की शुरुआत हुई। बड़ी संख्या में आए पर्यटक इस मौसम का आनंद उठा रहे हैं, वहीं कई जगहों पर लोगों को जाम की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। प्रशासन की तरफ से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर लोगों को सुरक्षित निकाला जा रहा है।

बर्फबारी की शुरुआत होते ही हिमाचल के मनाली आने वाली पर्यटकों की संख्या में इजाफा हो गया। इस मौसम का लुत्फ उठाने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। हालांकि, कई पर्यटक सोलंगनाला से पलचान के रास्ते में शुक्रवार दोपहर दो बजे से फंसे हुए थे। भारी जाम के चलते पर्यटक और उनकी गाड़ियां रात भर फंसी रहीं। इसके कारण मजबूरन सैकड़ों वाहन चालकों को गाड़ियों में ही रात बितानी पड़ी। जाम के कारण सैलानियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सोशल मीडिया पर पर्यटकों के फंसे होने के वीडियो लगातार वायरल हो रहे हैं। इसमें गाड़ियों में पर्यटक और ड्राइवर कल से फंसे होने की बात कह रहे हैं। लोगों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन की तरफ से रातभर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाए गए।

## उत्तर भारत में बारिश के बाद लुढ़का पारा, बढ़ी ठंड

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में बारिश के बाद ठंड बढ़ गई है। पहाड़ों पर बर्फबारी का असर मैदानी क्षेत्र में साफ दिख रहा है। मौसम विभाग ने शीतलहर को लेकर अलर्ट जारी किया है।

दिल्ली में इस समय कंपकंपी वाली ठंड का अहसास हो रहा है और मौसम विभाग ने आज भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यह अलर्ट मुख्य रूप से दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों के लिए है, जहां बारिश, ओलावृष्टि और ठंडी हवाओं के कारण तापमान और भी गिर सकता है। इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश, कश्मीर और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी से हालात और भी चुनौतीपूर्ण हो गए हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक दिल्ली में आज न्यूनतम मौसम 9 डिग्री सेल्सियस रहेगा। वहीं अगले सप्ताह तक मौसम ठंडा और शुष्क बना रहेगा। उत्तर भारत के कुछ स्थानों में रविवार (29 दिसंबर) से शीतलहर शुरू होने की आशंका है। पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़, राजस्थान के अलग-अलग स्थानों में 29-30 दिसंबर के दौरान देर रात और सुबह के दौरान घने से बहुत घना कोहरा रहने की आशंका जताई जा रही है। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में इस समय घना कोहरा देखा जा रहा है। खासकर सुबह और शाम के समय कोहरे के कारण ड्राइविंग करना मुश्किल हो सकता है। कोहरे की चादर ने इन राज्यों में ठंड को और बढ़ा दिया है, जिससे सर्दी का अहसास और भी तेज हो गया है। राजस्थान माउंट आबू के तापमान में 8 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है।

## नया साल मनाने के खिलाफ फतवा जारी, मुसलमानों को ऐसा न करने की हिदायत

बरेली (आरएनएस)। नए साल से पहले बरेली के चश्मे दारूल इफ्ता और मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी के अध्यक्ष शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने विवादित बयान दिया है। उन्होंने नए साल के जश्न में शामिल होने और बधाई देने के खिलाफ फतवा जारी किया है। उन्होंने मुसलमानों को ऐसा न करे की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि ऐसा करने वाले शरीयत की नजर में मुजरिम हैं। मुसलमान ऐसा काम हरगिज न करें। उन्होंने वीडियो जारी कर कहा, चश्मे दारूल इफ्ता बरेली शरीफ ने नए साल के जश्न मनाने पर फतवा जारी किया है। फतवे में कहा गया है कि जनवरी में जो अंग्रेजी कैलेंडर का नया साल आता है, उसे मनाना मुसलमानों के लिए उचित नहीं है। इसमें यह भी कहा गया है कि कई मुसलमान लड़के और लड़कियां नए साल का जश्न मनाते हैं और एक-दूसरे को मुबारकबाद देते हैं, जो ईसाइयों का धार्मिक रस्म है। इस्लाम में किसी भी दूसरे धर्म के धार्मिक रस्मों में शामिल होना



जन सुराज के संयोजक प्रशांत किशोर ने बीपीएससी अभ्यर्थियों के साथ पटना के गांधी मैदान में कथित अनियमितताओं के कारण 70वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा की दोबारा परीक्षा की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।



ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने नयागढ़ जिले के कंडापाड़ा गांव में धान की फसल उगाने वाले किसानों से बातचीत की, जिनके खेत बेमौसम बारिश से बर्बाद हो गए थे।


## मुंबई में 16 घंटे एयरपोर्ट पर फंसे रहे 100 यात्री, इंडिगो पर फूटा गुस्सा; एयरलाइंस ने मांगी माफी

मुंबई (आरएनएस)। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इंडिगो एयरलाइंस की एक उड़ान में तकनीकी खराबी के कारण लगभग 100 यात्री 16 घंटे तक फंसे रहे। इस्तांबुल जाने वाली फ्लाइट संख्या 6ई17 में देरी के चलते यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, फ्लाइट को सुबह 6ः55 बजे इस्तांबुल के लिए उड़ान भरनी थी, लेकिन तकनीकी कारणों से इसमें देरी होती रही। एयरलाइंस ने बाद में घोषणा की कि एक वैकल्पिक विमान रात 11 बजे उड़ान भरेगा, लेकिन यह भी संभव नहीं हो सका।

इंडिगो ने इस असुविधा के लिए यात्रियों से माफी मांगी है। एक बयान में एयरलाइंस ने कहा, हमें खेद है कि हमारी उड़ान 6ई17, जो मुंबई से इस्तांबुल जाने वाली थी, तकनीकी मुद्दों के कारण देरी का सामना करना पड़ा। दुर्भाग्य से, समस्या को ठीक करने और इसे गंतव्य तक भेजने के हमारे तमाम प्रयासों के बावजूद, हमें अंततः उड़ान रद्द करनी पड़ी। सूत्रों के मुताबिक, उड़ान में कम से कम तीन बार देरी हुई और यात्रियों को बार-बार विमान में चढ़ाया और उतारा गया। इससे यात्रियों में आक्रोश फैल गया, खासकर छात्रों के एक समूह ने एयरपोर्ट पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। उन्होंने एयरलाइन से टिकट रिफंड या वैकल्पिक उड़ान की व्यवस्था करने की मांग की।

सोशल मीडिया पर भी यात्रियों ने अपनी नाराजगी व्यक्त की। सोनम साइगल नामक एक यात्री ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा कि उनके भाई 12 घंटे से एयरपोर्ट पर फंसे हुए हैं और इंडिगो स्टाफ का व्यवहार बेहद निराशाजनक है। उन्होंने बताया कि यात्रियों को बार-बार विमान में बैठाया और उतारा गया, लेकिन स्टाफ की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।

एक अन्य यात्री, सचिन चिंतलवाड़ ने इस्तांबुल से वॉशिंगटन के लिए अपनी कनेक्टिंग फ्लाइट छूटने की चिंता जताई, जबकि बीरेश कुमार सिंह नामक एक अन्य यात्री ने इंडिगो की सेवाओं को बहुत खराब बताया। इस घटना ने इंडिगो की यात्री सेवाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं और यात्रियों को हुई असुविधा के लिए एयरलाइंस की आलोचना हो रही है।



बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा कृति सेनन यू.के. बेस्ड बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ अपने रिलेशनशिप की अफवाहों को लेकर सुर्खियों में हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ क्रिसमस मनाया और इस सेलिब्रेशन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। अब, कृति की बहन नुपुर सेनन ने तस्वीरें और वीडियो शेयर किए हैं, जिसमें कृति सेनन और नूपुर दुबई में एक इवेंट में राहत फतेह अली खान की परफॉर्मेंस का लुत्फ उठाती नजर आ रही हैं। उनके साथ सिंगर स्टेबिन बेन, एक्टर वरुण शर्मा और कृति के कथित बॉयफ्रेंड कबीर बहिया भी शामिल हुए।

# मोनालिसा ने लेटेस्ट लुक से इंटरनेट पर मचाया बवाल, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख फैंस ने की तारीफ



भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती रहती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने बेहद बोल्ड लुक्स में तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।

भोजपुरी और टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी लेटेस्ट फटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर अक्सर अक्सर तस्वीरों पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

एक यूजर ने फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- सो हॉट। दूसरे यूजर ने लिखा है- इंटरनेट का पारा गर्म कर देती हैं।

वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट बोल्ड फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं।

इन फोटोज में उनक हॉट एंड स्टनिंग अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं।

मोनालिसा ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान ब्लैक कलर की स्पैगडी और रफ लुक में डेनिम जींस पहनी हुई है। एक्ट्रेस अपने इस लुक में कहर ढाती हुई नजर आ रही हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस

## जूनियर एनटीआर ने वॉर 2 का लंबा शेड्यूल पूरा किया

जूनियर एनटीआर ने वॉर 2 के लिए लंबा शेड्यूल पूरा किया। एनटीआर को फिल्म प्रेमियों के सभी वर्गों में जबरदस्त समर्थन प्राप्त है और आरआरआर और देवरा में उनके गहन और प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ उत्तर में उनके लिए दीवानगी बढ़ गई है। फिलहाल सभी की निगाहें उनके आने वाले प्रोजेक्ट वॉर 2 पर हैं। यह फिल्म एनटीआर की पहली बॉलीवुड प्रोजेक्ट है और वह ऋतिक रोशन के साथ स्क्रीन प्रेजेंस साझा कर रहे हैं। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित यह फिल्म ब्लॉकबस्टर फिल्म वॉर का सीक्वल है और 14 अप्रैल 2025 को भव्य रिलीज के लिए तैयार है।

फिल्म की शूटिंग मुंबई में जोरों पर है। अब यह सामने आ रहा है कि एनटीआर ने वॉर 2 के लिए एक लंबा शेड्यूल पूरा कर लिया है।

# आइटम सॉन्ग के साथ पंजाबी फिल्मों में डेब्यू करेंगी निक्की तंबोली



बिग बॉस 14 की पूर्व प्रतियोगी निक्की तंबोली पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू करने जा रही हैं। वह जल्द ही फिल्म बदनाम के आइटम सॉन्ग में नजर आएंगीं। यह फिल्म फरवरी में रिलीज होने वाली है।

निक्की ने कहा, मैं बदनाम का हिस्सा बनकर बेहद रोमांचित हूं। यह एक ऐसा गाना है जो आपको उठकर नाचने पर मजबूर कर देगा और मैं इतनी शानदार टीम के साथ काम करने का मौका पाकर बहुत आभारी हूं।

निक्की हमेशा से ही कुछ नया करने की तलाश में रहती है और बदनाम बस इसी का एक और उदाहरण है। निक्की तंबोली ने गाने पर काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए कहा, मुझे उम्मीद है कि मेरे प्रशंसकों को यह गाना उतना ही पसंद आएगा जितना मुझे इस गाने पर काम करने में मजा आया। इस गाने को सुनिधि चौहान ने अपनी आवाज दी है। बदनाम फरवरी 2025 में रिलीज होने वाली है। यह जय रंधावा, जैस्मीन भसीन और मुकेश ऋषि अभिनीत एक रोमांटिक ड्रामा है। निक्की के करियर पर एक नजर डाले तो उन्होंने एक मॉडल के तौर पर अपना करियर शुरू किया था। 2019 में उन्होंने तेलुगू हॉरर कॉमेडी फिल्म चिकाती गडिलो चिथाकोटुडु से अपने अभिनय की शुरुआत की। बाद में उन्होंने एक्शन हॉरर फिल्म कंचना 3 में दिव्या के रूप में तमिल में अपनी शुरुआत की। कंचना 3. उनकी तीसरी फिल्म तेलुगु में थिप्पारा मीसम थी। 2020 में, उन्होंने हिंदी रियलिटी शो बिग बॉस 14 में भाग लेकर अपना टेलीविजन डेब्यू किया, जहां वह तीसरे स्थान पर रहीं।

## पुष्पा 2 भारत में 1200 करोड़ रुपये का आंकड़ा की ओर, दुनियाभर में कमाए 1705 करोड़ रुपये

पुष्पा 2 ने शुरुआत से ही बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखी. इसने भारत में 164.25 करोड़ रुपये की कमाई के साथ रिकॉर्ड तोड़ ओपनिंग की. इतना ही नहीं, इसने एक ही हफ्ते के अंदर 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया और 1000 करोड़ रुपये के क्लब के नए मील के पत्थर की ओर बढ़ रही थी. हालांकि, 22वें दिन अल्लू अर्जुन की एक्शन ड्रामा की कमाई में 50 प्रतिशत से ज्यादा की बड़ी गिरावट देखी गई. पुष्पा 2 ने पहली बार सिंगल डिजिट में कमाई की है. सैकनिल्क रिपोर्ट के अनुसार, अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की मास एंटरटेनर पुष्पा 2 ने 22वें दिन, गुरुवार को 9.6 करोड़ रुपये कमाए. इसने तेलुगु में 2.02 करोड़ रुपये, हिंदी में 7.25 करोड़ रुपये, तमिल में 0.3 करोड़ रुपये, कन्नड़ में 0.02 करोड़ रुपये और मलयालम में 0.01 करोड़ रुपये कमाए हैं. 21वें दिन, फिल्म ने भारत में सभी भाषाओं में 19.5 करोड़ रुपए कमाए. तीसरे हफ्ते में सुकुमार की निर्देशित फिल्म के कलेक्शन में 50.77 प्रतिशत की गिरावट आई है. इसने तीसरे हफ्ते में 128.6 रुपये कमाए हैं. 22 दिनों के बाद पुष्पा 2 का भारत में कुल कलेक्शन 1119.2 करोड़ रुपये हो गया है. यह फिल्म अब धीरे-धीरे 1200 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही हैं. 22वें दिन यानी चौथे गुरुवार (26 दिसंबर) को पुष्पा 2 ने हिंदी बेल्ट में सबसे ज्यादा कमाई की है. सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 7.25 करोड़ रुपये की कमाई की है. यह पिछले दिन की तुलना में बहुत बड़ी गिरावट है. इसने 21वें दिन 15 करोड़ की कमाई हुई थी. इस तरह पुष्पा 2 ने हिंदी बॉक्स ऑफिस पर कुल 738 करोड़ रुपये हो गया है. पुष्पा 2 के मेकर्स ने बीते गुरुवार को फिल्म के वर्ल्डवाइड कलेक्शन का ताजा रिपोर्ट शेयर किया है. मेकर्स ने सोशल मीडिया पर अनाउंस किया कि पुष्पा 2 ने 21 दिनों में दुनिया भर में 1705 करोड़ रुपये की कमाई की है. उन्होंने पुष्पा राज के रूप में अर्जुन का एक नया पोस्टर जारी किया, जिसमें लिखा था, 2024 में भारतीय सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है.

# सिनेमाघरों में दोबारा धमाल मचाएगी ये जवानी है दीवानी, निर्माताओं ने पोस्ट साझा कर उठाया तारीख से पर्दा

इस महीने की शुरुआत में करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस ने ये जवानी है दीवानी के बारे में एक सस्पेंस के साथ शेयर की थी, जिससे प्रशंसक इसके संभावित सीक्वल के बारे में अटकलें लगा रहे थे। हालांकि, री-रिलीज के चलन को देखते हुए रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की यह फिल्म 2025 में फिर से सिनेमाघरों में आने के लिए तैयार है।

निर्माताओं ने आज फिल्म का पोस्टर साझा कर इसकी री-रिलीज का एलान किया। साथ ही तारीख से भी पर्दा उठाया। पीवीआर आईनॉक्स बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक ये जवानी है दीवानी को 3 जनवरी, 2025 को 46 शहरों के 140 पीवीआर आईनॉक्स सिनेमाघरों में वापस ला रहा है। यह धर्मा प्रोडक्शंस की कल हो ना हो की सफल री-रिलीज के बाद हो रहा है। इसके अलावा, 2024 में, तुम्बाड, वीर जारा और रहना है तेरे दिल में जैसी कई फिल्में सिनेमाघरों में फिर से रिलीज हुईं और फिल्म देखने वाले इन फिल्मों का जादू एक बार फिर बड़े पर्दे पर देखने के लिए सिनेमाघरों में उमड़ पड़े।

निर्माता करण जौहर ने ये जवानी है दीवानी की री-रिलीज पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, ये जवानी है दीवानी धर्मा प्रोडक्शंस के दिल में एक खास जगह रखती है। फिल्म में बेहतरीन संगीत, शानदार लोकेशन, हमारे कुछ सबसे पसंदीदा कलाकार और एक ऐसी कहानी है, जो सभी पीढ़ियों को प्रभावित करती है। यह नया साल शुरू करने के लिए एकदम सही फिल्म है। यह फिल्म आपको जीवन के बारे में एक गर्मजोशी भरा, सुखद एहसास देती है। हम यह देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते कि जेन जेड इसे बड़े पर्दे पर वयस्कों के रूप में देखने के बारे में कैसा महसूस करता है, जबकि मिलेनियल्स इसमें शामिल होते हैं, साथ गाते हैं और अभिनेताओं से पहले सभी संवाद दोहराते हैं।

फिल्म के दोबारा रिलीज होने पर निर्देशक अयान मुखर्जी ने कहा, यह फिल्म मेरे दूसरे बच्चे की तरह है, मेरे दिल और आत्मा का हिस्सा है। एक दशक से भी ज्यादा समय बाद, मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इसे बनाना मेरे जीवन की सबसे बड़ी खुशियों में से एक था। हमने जो हासिल किया, वह मेरे लिए गर्व की बात है।


ये जवानी है दीवानी एक रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा है, जिसमें रणबीर कपूर, दीपिका पादुकोण, कल्कि केकलां और आदित्य रॉय कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। अपनी कहानी और कलाकारों के अभिनय के अलावा, यह फिल्म अपने चार्टबस्टर गानों जैसे बदतमीज दिल, बलम पिचकारी और दिल्ली वाली गर्लफ्रेंड के लिए लोकप्रिय है। पिछले कुछ सालों में, इस फिल्म ने एक कल्ट स्टेटस हासिल कर लिया है और यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या यह दोबारा रिलीज होने पर सफल साबित होती है।

## विश्वक सेन की लैला की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, पहला पोस्टर भी आया सामने

वैलेंटाइन डे पर रिलीज हो रही है विश्वक सेन की फिल्म लैला। मास का दास विश्वक सेन अपनी अनूठी भूमिकाओं और विचारोत्तेजक मनोरंजन के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने हाल ही में गामी और मैकेनिक रॉकी जैसी फिल्मों से लोगों का मनोरंजन किया। अब वह अपनी फिल्म लैला के साथ लोगों का मनोरंजन करने आ रहे हैं। इस फिल्म में विश्वक सेन कुछ अलग करने की हिम्मत कर रहे हैं। लैला में विश्वक सेन एक महिला की भूमिका निभा रहे हैं और यह उनके सभी प्रशंसकों के लिए दोहरी खुशी होगी। निर्माताओं ने आज फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा की। निर्माताओं ने लैला की रिलीज की तारीख 14 फरवरी तय की और इस तरह उन्होंने बड़े पर्दे पर फिल्म प्रेमियों को वैलेंटाइन डे का तोहफा देना पसंद किया।

रिलीज पोस्टर में विश्वक सेन स्टाइलिश अवतार में चश्मा लगाए और शर्ट से अपना चेहरा ढके हुए नजर आए।

# रास्पबेरी का खट्टा-मीठा स्वाद कर देगा मन को तृप्त, इससे बनाएं ये 5 मीठे व्यंजन



रास्पबेरी एक स्वादिष्ट और पौष्टिक बेरी है, जिसका इस्तेमाल आम तौर पर विदेशी व्यंजनों में किया जाता है। इसका खट्टी-मीठी स्वाद और लाल रंग किसी भी व्यंजन को आकर्षक बना देता है।इस स्वादिष्ट बेरी से आप कई तरह के मीठे व्यंजन भी बना सकते हैं। आज के लेख में हम आपको रास्पबेरी से बनने वाली 5 भारतीय मिठाइयों की रेसिपी बताएंगे।अगर अपने इन्हें एक बार बनाया तो आप इन्हें बार-बार खाना चाहेंगे।

रास्पबेरी गुलाब जामुन

आपने गुलाब जामुन कई बार खाए होंगे, लेकिन इस बार रास्पबेरी गुलाब जामुन का स्वाद चखें। इसके लिए मावा और मैदा मिलाकर छोटे गोले बनाएं।इन्हें हल्के गर्म तेल में तलें, जब तक ये सुनहरे भूरे न हो जाएं। अब चीनी की चाशनी तैयार करें और उसमें थोड़ी रास्पबेरी प्यूरी मिलाएं।तले हुए गुलाब जामुन को इस चाशनी में डालकर कुछ देर छोड़ दें, ताकि वे रसपोषित हो सकें। यह मिठाई घर आए मेहमानों को भी खूब पसंद आएगी।

रास्पबेरी बर्फी

बर्फी हर किसी को पसंद होती है। इसमें रास्पबेरी का स्वाद जोड़ने से इसका मजा और बढ़ सकता है। रास्पबेरी बर्फी बनाने के लिए खोया और चीनी को धीमी आंच पर पकाएं, जब तक वह गाढ़ा न हो जाए।इसमें ताजी पिसी हुई रास्पबेरी डालकर मिला लें। इस मिश्रण को घी लगी प्लेट पर फैलाकर ठंडा होने दें और मनचाहे आकार में काट लें।यह बर्फी देखने में खूबसूरत लगेगी और खाने वालों को पसंद आएगी।

रास्पबेरी शाही टुकड़ा

शाही टुकड़ा एक पारंपरिक उत्तर भारतीय मिठाई है, जिसे खास बनाने के लिए आप रास्पबेरी का इस्तेमाल कर सकते हैं।इसके लिए ब्रेड स्लाइस को घी में तलकर अलग रख दें। अब दूध को गाढ़ा करके उसमें चीनी और इलायची डालें और अंत में थोड़ी-सी रास्पबेरी प्यूरी मिलाएं।तली हुई ब्रेड स्लाइस पर यह मिश्रण डालें, ऊपर से कटे हुए बादाम और पिस्ता छिड़कें और ठंडा करके परोसें। इसे खा कर आपका मन तृप्त महसूस करने लगेगा।

रास्पबेरी कुल्फी

आप कुल्फी के स्वाद को दोगुना करने के लिए उसमें रास्पबेरी मिला सकते हैं। रास्पबेरी कुल्फी तैयार करने के लिए सबसे पहले दूध को गाढ़ा करके उसमें कंडेंस्ड मिल्क मिलाएं।इसे अच्छी तरह फेंट लें, ताकि कोई गांठ न रहे। अब इसमें ताजी पिसी हुई रास्पबेरी डालकर अच्छी तरह मिलाएं।इस मिश्रण को कुल्फी के सांचें में भरकर फ्रीजर में जमने दें। जमने के बाद इसे सांचें से निकालकर परोसें।

# 2025 के लिए हेल्थी डाइट, नए साल के रिजोल्यूशन में जरूर करें शामिल



नया साल आने वाला है. इसके लिए अभी से लोगों ने तैयारी शुरू कर दी है. अगर आप भी आने वाले साल में स्वस्थ रहना चाहते हैं तो उसके लिए आपको अपनी डायट हेल्थी बनानी होगी. इसके साथ ही वर्कआउट भी करना होगा. नए साल के आप अगर कुछ रिजोल्यूशन लेने का सोच रहे हैं तो उसमें हेल्थी डायट को जरूर शामिल करें. इससे आपका आने वाला साल बहुत अच्छा गुजरेगा. आइए जानते हैं डाइट के बारे में. डायट हेल्थी

वजन घटाएगी एंटी इन्फ्लेमेटरी डाइट

कुछ समय पहले एक्ट्रेस विद्या बालन ने अपने वेट लॉस के बारे में एक अहम जानकारी दी थी. उन्होंने बताया था कि बिना वर्कआउट के उन्होंने एंटी इन्फ्लेमेटरी डाइट की मदद से वजन कम किया. सूजन रोधी डाइट में मुख्य रूप से फल, सब्जियां, नट्स, ओमेगा 3 से भरपूर फिश शामिल होती है. ये डाइट न सिर्फ वजन घटाती है बल्कि डायबिटीज जैसी बीमारी के खतरे को भी कम करती है. 2025 में एंटी इन्फ्लेमेटरी डाइट लोगों की पसंदीदा लिस्ट में पहले नंबर पर रहेगी.

चीनी को छोड़कर खजूर का करें यूज

एंटीऑक्सीडेंट जैसे पॉलीफेनोल, टैनिन और फ्लेवोनोइड्स से भरपूर खजूर 2025 में चीनी की जगह काफी हद तक इस्तेमाल किया जाएगा. वैसे तो चीनी को पूरी तरह से खजूर रिप्लेस नहीं कर पाएगा लेकिन हेल्थ कॉन्शियस लोग मिठास के लिए खजूर का ज्यादा इस्तेमाल करेंगे. खजूर में कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम और विटामिन ए भी होता है जो इसे मीठा पावरहाउस बनाता है. आप भी नए साल में चीनी कम और खजूर की मात्रा बढ़ा सकते हैं.

प्लांट बेस्ड प्रोटीन लें

2025 में अपनी डाइट में प्लांट बेस्ड प्रोटीन जरूर शामिल करें. नट्स, पनीर, बींस आदि का सेवन आपको सालभर हेल्दी रखेगा. हेल्दी डायजेशन के लिए प्लांट बेस्ड प्रोटीन का सेवन अच्छा माना जाता है. नॉनवेज प्रोटीन से हटकर प्लांट बेस्ड प्रोटीन लोगों में पॉपुलर हो रही है.

चाय का शौक रहेगा बरकरार

2025 में भी चाय का शौक बरकरार रहेगा. साल 2025 में भी चाय लोगों की पसंद रहेगी. ग्रीन टी से लेकर हर्बल टी का क्रेज सर्दियों में खूब जाता है. हर्बल टी से इम्यूनिटी मजबूत करने में मदद मिलती है.

## शब्द सामर्थ्य -280

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| | ■ | 5 | | | | ■ | 6 | |
| 7 | 8 | | ■ | ■ | 9 | | ■ | ■ |
| ■ | 10 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 11 | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | ■ | 14 | | | ■ |
| | ■ | 15 | | 16 | | ■ | 17 | 18 |
| | ■ | | ■ | 19 | | 20 | ■ | |
| 21 | 22 | | 23 | | ■ | | ■ | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 279 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | ■ | ■ | प | यो | द | ■ |
| न | ■ | ह | क | दा | र | ■ | ल | य |
| ह | वा | ला | त | ■ | च | ■ | द | म |
| गा | ■ | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग | ■ | स | ■ | अ |
| ■ | मा | ■ | प | त | वा | र | ■ | ल |
| ख | न | क | ना | ■ | ह | त | ■ | बे |
| स | दा | ■ | ह | ■ | वा | ■ | शो | ला |
| रा | र | ■ | ■ | ■ | ही | र | क | ■ |




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना रांझी में रात्रि सुमित केवट उम्र 18 वर्ष निवासी मड़ई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बेलदारी करता है शाम लगभग 5-30 बजे काम से घर वापस आया था, मड़ई स्कूल शिव मंदिर के सामने चायनीज के ठेले के पास चायनीज खा रहा था शाम लगभग 6 बजे कांचीपुरम कालोनी रांझी निवासी संगम बर्मन आकर बोला कि तु बहुत गुण्डा बन रहा है मेरे भाई से क्यों विवाद कर रहा था, उसने कहा कि काम की बातीचत हुयी थी विवाद नहीं हुआ था इसी बात को लेकर संगम बर्मन उसके साथ गाली गलौज करने लगा,





# शोलों से यारी हो गई अंगार के लिए, सबसे निबाहना ही पड़ा घरबार के लिए...

## मंचदीप ने किया निरंतर नीरज का आयोजन, शशांक प्रभाकर के गीतों से सजी शाम, विभूतियों का किया सम्मान





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। देश के सुप्रसिद्ध कवि एवं गीतकार शशांक प्रभाकर नीरज के गीतों से सजी मंगलवार की शाम संस्कारधानीवासियों के लिए यादगार बन गई। पद्मभूषण एवं पद्मश्री पुरस्कार से अलंकृत गीत ऋषि गोपालदास नीरज के जन्म शताब्दी वर्ष पर मंचदीप संस्था द्वारा कलावीथिका में निरंतर नीरज का आयोजन किया। कार्यक्रम में महाकवि गोपालदास नीरज के सुपुत्र एवं ख्यातिलब्ध कवि शशांक प्रभाकर नीरज ने काव्यरस वर्षा से श्रोताओं को सराबोर कर दिया।

राजनीति पर कटाक्ष करती उनकी इस रचना को श्रोताओं ने भरपूर सराहा-

अच्छा करेगा काम तो जन्नत में जाएगा,
होगा बुरा जो शख्स अदालत में जाएगा।
झूठ बोलने का सलीका जिसे आ जाए
यह तय है वो इंसान सियासत में जाएगा।

उनकी इस रचना पर सभागार में देर तक तालियों की गडग़ड़ाहट गूंजती रही-

शोलों से यारी हो गई अंगार के लिए
सबसे निबाहना ही पड़ा घरबार के लिए।

शशांक प्रभाकर ने अपने पिता नीरज जी की प्रसिद्ध रचनाएं उनकी आवाज में भी सुनाईं। मंचदीप द्वारा आयोजित इस कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में कवि सोहन सलिल, रजनी कोठारी, प्रभा शील, प्रीति नामदेव ने गीत-गजलों की प्रस्तुति दी। मंचदीप के संस्थापक एवं अध्यक्ष मथुरा जैन उत्साही ने भी महाकवि गोपालदास नीरज की आवाज एवं अंदाज में रचना प्रस्तुत की, जिसे श्रोताओं ने भरपूर सराहा।

कवि सम्मेलन के साथ सम्पूर्ण आयोजन का संचालन राजेश पाठक प्रवीण ने किया।

इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. श्याम मनोहर सीरोठिया, सागर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आचार्य भगवत दुबे ने नीरज जी की काव्ययात्रा पर अपने विचार रखे। रंगकर्मी आयुषी जैन ने नीरज जी के संस्कारधानी से जुड़े संस्मरण सुनाए।

इनका हुआ सम्मान- समारोह में डॉ. नलिनी सिंघई, पंडित अशोक मनोध्या, मोहित ओबेराय, अक्षय सैनी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अरविंद जैन,डॉ. रमेश बसेडिया, डॉ. हरिशंकर दुबे,

लोकराम कोरी, युवराज गढ़वाल, राजेश नेमा, मनीष खत्री, राजेंद्र सिंह, प्रवीण विश्वकर्मा, सादिक खान, राजेश मालवीय,राजेश परोहा ,प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल संतोष नेमा , विजय अनुज, विजय तिवारी किसलय,गणेश प्यासा, सुभाष शलभ, डॉ सलमा जमाल,छाया त्रिवेदी, अर्चना मलैया,डॉ छाया सिंह,आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर मथुरा जैन उत्साही ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# रीवा में फेडरेशन की नई शाखा गठित के एन पाडेय बने क्षेत्रीय सचिव श्रीनिवास शर्मा बने अध्यक्ष

## कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु फेडरेशन को सुदृढ़ और सक्रिय करने के साथ तत्परता से प्रबंधन के समक्ष रखेंगे पक्ष

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। फेडरेशन के क्षेत्रीय सचिव श्री के एन पांडेय ने रीवा शहर में फेडरेशन के सदस्यों की आमसभा बैठक आयोजित की जिसमें सर्वसम्मति से नये पदाधिकारियों का निर्वाचन,चयन किया गया। फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने क्षेत्रीय सचिव के एन पांडेय, अध्यक्ष श्रीनिवास शर्मा एवं सभी नये पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी मिलकर फेडरेशन को सुदृढ़ और सक्रिय करने हरसंभव प्रयास करेंगे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री श्रीनिवास शर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष संजय सिंह चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री लक्ष्मी प्रकाश मिश्रा, के अलावा चार उपाध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष,दो संयुक्त सचिव,दो संगठन सचिव के अलावा दस कार्यकारणी सदस्य बनाए गए हैं। सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने हर संभव प्रयास करने कार्य करने कहा। फेडरेशन रीवा के क्षेत्रीय सचिव के.एन.पांडेय व रीवा शहर संभाग शाखा के अध्यक्ष श्री श्रीनिवास शर्मा एवं सभी पदाधिकारियों ने फेडरेशन के महामंत्री राकेश पाठक जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी मिलकर फेडरेशन को सुदृढ़ और सक्रिय करने हरसंभव प्रयास और कार्य करेंगे। फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने कहा कि सभी साथी गण वृहद स्तर पर फेडरेशन की सदस्यता अभियान चलाकर सभी को फेडरेशन से जोड़ेंगे। फेडरेशन के नवनियुक्त पदाधिकारी कार्यरत कार्मिकों, संविदा, आउट सोर्स कर्मचारियों के साथ सम्माननीय पेंशनर्स की समस्याओं को सकारात्मक सोच के साथ प्रशासन के समक्ष रखेंगे।

## जबलपुर-श्रीमाता वैष्णव देवी कटरा एक्सप्रेस 04:00 घंटे री-शेड्यूल

जबलपुर। दिनाँक 31 दिसम्बर 2024 को गाड़ी संख्या 11449 जबलपुर से श्रीमाता वैष्णव देवी कटरा की ओर प्रस्थान करने वाली गाड़ी को 4 घंटे रि-शिड्यूल करने का निर्णय लिया गया है। आज 31दिसम्बर 2024 को गाड़ी संख्या 11449 जबलपुर से श्रीमाता वैष्णव देवी कटरा एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय प्रात: 06:00 बजे के स्थान पर सुबह 10:00 बजे जबलपुर से गन्तव्य के लिए रवाना होगी। तदनुसार मार्ग के स्टेशनों पर विलंबित हो सकती है। यात्रीगण कृपया रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके रेलवे स्टेशन पर पहुँचे।

# दिसम्बर माह में मुख्यालय के एक अधिकारी सहित पमरे के 114 रेलकर्मी सेवानिवृत्त हुए




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। दिसम्बर माह के अंतिम कार्य दिवस में पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय में कार्यरत एक अधिकारी और तीन कर्मचारियों सहित जबलपुर, भोपाल, कोटा मण्डलों एवं दोनों कारखानों में मिलाकर कुल 114 रेलकर्मी मंगलवार 31 दिसम्बर 2024 को सेवानिवृत्त हुए। पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में माह के अंतिम कार्य दिवस 31 दिसम्बर 2024 को उप मुख्य यांत्रिकी अभियंता श्री ब्रह्मानंद मेश्रराम, वरिष्ठ टी आई ए/ईटी श्री विनायक निगुड़कर, वरिष्ठ आई एस ए श्री नरेंद्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ अनुभाग अधिकारी (लेखा) श्री हीरालाल चैतु लोहरा सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधकएवं प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर श्री नितिन चौधरी, प्रमुख मुख्य क्रमिक अधिकारी श्री प्रभात, प्रधान वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर ने उपस्थित सेवानिवृत्ति अधिकारी एवं कर्मचारियों को संबंधित दस्तावेज एवं गोल्ड प्लेटेड सिलवर मेडल प्रदान किये। सेवानिवृत्ति पर रेल प्रशासन की ओर से स्वस्थ, सुखी और समृद्ध जीवन के लिए शुभकामनायें दी गई। इस अवसर पर उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (एच आर डी) सुश्री पूर्णिमा जैन सहित अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी भी उपस्थित रहे। मंगलवार को सेवानिवृत होने वालों में मुख्यालय में 1 अधिकारी एवं 3 रेल कर्मचारियों, जबलपुर मंडल में 33 रेल कर्मियों, भोपाल मण्डल में 38 रेल कर्मचारियों, भोपाल कारखाना में 13 रेल कर्मचारियों, कोटा मण्डल में 25 रेल कर्मचारियों एवं कोटा कारखाना में 01 रेल कर्मचारी सहित पमरे पर कुल 114 रेल कर्मियों की सेवानिवृत्ति हुई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हो रहे सभी कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा उनकी सेवानिवृत्ति पर रेल प्रशासन के द्वारा शुभकामनाए दी गईं।

# चालू पावर ट्रांसफार्मर से संवेदनशील कॉपर स्ट्रिप चोरी किये जाने के प्रयास को आउटसोर्स कर्मियों ने किया नाकाम

## रबी सीजन में क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था प्रवाहित होने की आशंका को टाला

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के विदिशा जिले में स्थित 132 के.व्ही. सबस्टेशन शमशाबाद के चालू पावर ट्रांसफामर्स से तांबे की अर्थिंग पट्टी (कॉपर स्ट्रिप) को निकालने के प्रयास को सबस्टेशन के आउटसोर्स ऑपरेटर धीरेन्द्र राठौर, निरंजन विश्वकर्मा एवं सुरक्षा सैनिक दीपक पॉल ने अपनी हिम्मत, सूझबूझ और कर्तव्य निष्ठा का अनूठा उदाहरण पेश करते हुये असफल कर दिया। जिससे रबी के इस सीजन में शमशाबाद, बैरसिया, सिरोंद क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति के लंबे समय तक प्रभावित होने की आंशका को टाला जा सका।

विगत दिवस 132 के.व्ही. सबस्टेशन शमशाबाद में क्रियाशील दो पावर ट्रांसफार्मरों में से सशस्त्र चोरों द्वारा बहूमूल्य एवं सबस्टेशन की सबसे संवेदनशील तांबे की पट्टियां चोरी किये जाने का प्रयास किया जा रहा था। चोर यार्ड फेसिंग काटकर ट्रांसफार्मर तक पहुँच गये थे, ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा सैनिक दीपक पॉल को गश्त के दौरान




जैसे ही इसकी भनक लगी आउटसोर्स ऑपरेटर धीरेन्द्र राठौर एवं निरंजन विश्वकर्मा के साथ मिलकर तीनो ने चोरों को पकड़ने की कोशिश की लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर चोर भाग गये। समय पर सचेत और सजग रहने के कारण चोरी का यह बड़ा प्रयास टाला जा सका।

### यह भूमिका है कॉपर स्ट्रिप की

लगभग 4-5 करोड़ रूपये कीमत के पावर ट्रांसफार्मर में तांबे के पट्टी (कॉपर स्ट्रिप) की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका रहती है, यह सबस्टेशन में किसी फाल्ट के कारण उत्पन्न होने वाले हजारों एम्पीयर के करेंट को यह संवेदनशील कॉपर स्ट्रिप अपने में से प्रवाहित कर अर्थ कर देती है। इसके कारण उपकरण और सबस्टेशन में कार्यरत कर्मी सुरक्षित रहते है। यदि चालू ट्रांसफार्मर से कॉपर स्ट्रिप अलग करने का प्रयास किया जाता है तो वह न केवल निकालने वाले के लिये घातक रहती है बल्कि इससे ट्रांसफार्मर के क्षतिग्रस्त होने के पूरी आशंका पैदा हो जाती है। यदि चोर अपने मकसद में सफल हो जाते तो जहां मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी को 4-5 करोड़ रूपये का आर्थिक क्षति पहुँचती वहीं क्षेत्र में ऐन वक्त रबी के सीजन में किसानों और विद्युत उपभोक्ताओं को हफ्तों बिजली आपूर्ति प्रभावित हो जाती, क्योंकि हर ट्रांसफार्मर विशेष आर्डर के हिसाब से ही बनाये जाते है, जिनके आने, नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत करने में कम से कम 3 से 4 माह का समय भी लग सकता है।

कर्मियों को किया गया पुरूस्कृत सबस्टेशन के इन आउटसोर्स कर्मियों द्वारा दिखाये गयी सूझबूझ और बहादूरी के लिये एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी के निर्देश पर अधीक्षण अभियंता श्री एम.पी. पटेल एवं कार्यपालन अभियंता श्री संजय श्रीवास्तव द्वारा 132 के.व्ही. सबस्टेशन बैरसिया एवं रूनाहा तथा 220 के.व्ही. सबस्टेशन विदिशा के समस्त कर्मचारियों की उपस्थितियों में उन्हें सम्मानित कर पुरूस्कृत किया गया।

# ओएचई ब्रेकडाउन के चलते रेल यातायात प्रभावित

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। जबलपुर मंडल के मदन महल स्टेशन पर दिनांक 30 दिसम्बर 2024 रात्रि में ओएचई ब्रेक डाउन के कारण रेल यातायात प्रभावित हुआ है। उक्त रेलखंड पर अप एंड डाउन दोनों रेललाइन यातायात प्रभावित रहने के कारण गुजरने वाली कुछ रेलगाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से चलाई जा रही है। जारी बुलेटिन 02 पर आधारित रेलगाड़ियों की जानकारी इस प्रकार है। रेलगाड़ियां जो परिवर्तित मार्ग से चलेंगी 1) दिनांक 30 दिसम्बर 2024 को चल रही गाड़ी संख्या 11046 धनबाद - श्री छत्रपति शाहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर दीक्षाभूमि एक्सप्रेस को कटनी से वाया कटनी-बीना-इटारसी होकर चलाने का निर्णय लिया गया है। 2) दिनांक 30 दिसम्बर 2024 को चल रही गाड़ी संख्या 01154 दानापुर - मनमाड एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन को कटनी से वाया कटनी-बीना-इटारसी होकर चलाने का निर्णय लिया गया है। 3) दिनांक 30 दिसम्बर 2024 को चल रही गाड़ी संख्या 22146 रीवा - भोपाल ट्रेन को कटनी से वाया कटनी-सागर-बीना होकर चलाने का निर्णय लिया गया है। सूचना प्राप्त होते ही रेल प्रशासन द्वारा तत्परता दिखाते हुए रेलखण्ड पर सुधारकार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। जल्द से जल्द रेलखण्ड पर रेल परिचालन चालू करने का प्रयास किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा हेतु रेल प्रशासन द्वारा हेल्प लाइन जारी की गयी हैं :-

जबलपुर, हेल्प लाइन नंबर --

1. 0761-2677638 2. 0761-2624731

3. 0761-2626617

4. 0761-2624732

कटनी, हेल्प लाइन नंबर --


07622-235033

8305100365.

यात्रियों से अनुरोध है कि रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/रेल मदद 139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके रेलवे स्टेशन पर पहुंचे।

# गुरुवाणी कीर्तन से हुआ नूतन वर्ष का शानदार आगाज







जबलपुर /नगर के सिख समाज ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पवित्र गुरुवाणी शबद कीर्तन से नूतन वर्ष का शानदार आगाज किया । श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी पर पुष्प वर्षा कर जोरदार अभिनन्दन किया।इस हेतु गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार गोरखपुर में आज 31 दिसम्बर को रात्रि 7.30 बजे से अर्द्धरात्रि 12.15 बजे तक भव्य कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया हैजिसमें श्री दरबार साहिब हरिमंदर साहिब अमृतसर पंजाब के हुजूरी रागी जत्था भाई सिमर प्रीत सिंघ, भाई बलजीत सिंह एवं बाबा हरजीत सिंह खालसा के साथ ही गुरमत ज्ञान के छात्रों ने गुरुवाणी की रस वर्षा कर साध संगत को सराबोर कर दिया ।इस मौके पर परंपरा से थोड़ा हटकर जलेबी, दूध चाय, वेज पुलाव, ब्रेड पकोड़ा जैसे पकवानों का गुरु का विशेष लंगर लगाया गया । विश्व शांति की अरदास के साथ ही देश में सुख शान्ति और संपन्नता की दुआएं मांगी गई।प्रधान साहब श्री रजिंदर सिंह छावड़ा एवं सभा ने साध संगत के प्रति आभार व्यक्त किया।

# 01 जनवरी 2025 से नई समय-सारणी के अनुसार ट्रेनों के समय में आंशिक परिवर्तन


जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेलवे प्रशासन द्वारा 01 जनवरी, 2025 से ट्रेनों की नई समय-सारणी लागू की जा रही है। रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर गाड़ियों के संचालन समय में आंशिक परिवर्तन किया गया है। इसी के अन्तर्गत पश्चिम मध्य रेलवे से प्रारंभ एवं टर्मिनेट होने वाली गाड़ियों के आगमन/प्रस्थान समय सारिणी में मामूली बदलाव किया गया है। 01 जनवरी 2025 से मेमू और सवारी गाड़ियाँ नियमित ट्रेन नंबर के साथ संचालित की जाएँगी। अर्थात वर्तमान %0% नंबर प्रणाली के बजाय अब ये रेलगाड़ियाँ रेगुलर ट्रेन नंबर से चलाई जाएँगी। इन गाड़ियों की परवर्तित समय सारिणी एनटीईएस/139 पर भी उपलब्ध है। ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है।

**प्रारम्भिक स्टेशन पर ट्रेनों के समय में परिवर्तन**

1) गाड़ी संख्या 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर इण्टरसिटी एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से दोपहर 12:45 बजे प्रस्थान करेगी। 2) गाड़ी संख्या 11466 जबलपुर-वेरावल सोमनाथ एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान करेगी। 3) गाड़ी संख्या 15206 जबपुर-लखनऊ जंक्शन चित्रकूट एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से रात 20:50 बजे प्रस्थान करेगी। 4) गाड़ी संख्या 19014 कटनी-भुसावल एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से मध्यरात्रि 00:40 बजे प्रस्थान करेगी। 5) गाड़ी संख्या 22146 रीवा-भोपाल एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से रात्रि 22:35 बजे प्रस्थान करेगी। 6) गाड़ी संख्या 61618 कटनी-इटारसी मेमू अपने प्रारंभिक स्टेशन से दोपहर 13:45 बजे प्रस्थान करेगी। 7) गाड़ी संख्या 61607 सतना-मानिकपुर मेमू अपने प्रारंभिक स्टेशन से सायं 16:10 बजे प्रस्थान करेगी। 8) गाड़ी संख्या 51705 जबपुर-नैनपुर पैसेंजर अपने प्रारंभिक स्टेशन से सुबह 10:15 बजे प्रस्थान करेगी। 9) गाड़ी संख्या 51707 जबपुर-गोंदिया पैसेंजर अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रात: 06:00 बजे प्रस्थान करेगी।10) गाड़ी संख्या 01819 बीना-ललितपुर मेमू ट्रेन अपने प्रारंभिक स्टेशन से दोपहर 15.50 बजे प्रस्थान करेगी। 11) गाड़ी संख्या 20451 सोगरिया-नई दिल्ली एक्सप्रेस सोगरिया से 16.20 बजे की बजाय 16.15 बे प्रस्थान करेगी। 12) गाड़ी संख्या 12401 कोटा-देहरादून नंदा देवी एक्सप्रेस कोटा से 17.55 बजे की बजाय 17.50 बजे प्रस्थान करेगी ।13) गाड़ी संख्या 19816 कोटा-मंदसौर एक्सप्रेस कोटा से 04.50 बजे की बजाय 04.45 बजे प्रस्थान करेगी।14) गाड़ी संख्या 22981 कोटा-श्री गंगानगर एक्सप्रेस कोटा से 17.20 बजे की बजाय 17.40 बजे प्रस्थान करेगी।15) गाड़ी संख्या 22997 झालावाड़ सिटी-श्री गंगानगर एक्सप्रेस झालावाड़ सिटी से 15.30 बजे की बजाय 15.55 बजे प्रस्थान करेगी।16) गाड़ी संख्या 59833 कोटा-मंदसौर सवारी गाड़ी कोटा से 21.15 बजे की बजाय 21.20 बजे प्रस्थान करेगी।17) गाड़ी संख्या 61633 कोटा-बीना सवारी गाड़ी कोटा से 15.15 बजे की बजाय 15.10 बजे प्रस्थान करेगी।18) गाड़ी संख्या 61614 कोटा-झालावाड़ सिटी सवारी गाड़ी कोटा से 19.25 बजे की बजाय 19.20 बजे प्रस्थान करेगी।19) गाड़ी संख्या 69159 बयाना-मथुरा सवारी गाड़ी बयाना से 17.45 बजे की बजाय 18.25 बजे प्रस्थान करेगी।

**गन्तव्य स्टेशन पर ट्रेनों का परिवर्तित समय**

1) गाड़ी संख्या 51708 गोंदिया-जबलपुर पैसेंजर अपने गंतव्य पर मध्य रात्रि 00:25 बजे पहुँचेगी। 2) गाड़ी संख्या 20173 रानी कमलापति-जबलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस अपने गंतव्य पर 23:35 बजे पहुँचेगी। 3) गाड़ी संख्या 19013 भुसावल-कटनी एक्सप्रेस अपने गंतव्य पर प्रात: 05:00 बजे पहुँचेगी। 4) गाड़ी संख्या 22146 रीवा-भोपाल एक्सप्रेस अपने गंतव्य पर सुबह 08:10 बजे पहुँचेग । 5) गाड़ी संख्या 11603 कोटा-बीना एक्सप्रेस अपने गंतव्य पर 16:55 बजे पहुँचेगी। 6) गाड़ी संख्या 05884 ग्वालियर-बीना एक्सप्रेस अपने गंतव्य पर 16:25 बजे पहुँचेगी। (इसका नया नंबर 51884 रहेगा) 7) गाड़ी संख्या 20452 नई दिल्ली-सोगरिया एक्सप्रेस सोगरिया स्टेशन 13.30 बजे की बजाय 13.35 बजे पहुँचेगी। 8) गाड़ी संख्या 19815 मंदसौर-कोटा एक्सप्रेस कोटा स्टेशन 17.00 बजे की बजाय 17.05 बजे पहुँचेगी। 9) गाड़ी संख्या 61623 चौमहला-कोटा सवारी गाड़ी कोटा स्टेशन दोपहर12.45 बजे की बजाय 13.05 बजे पहुँचेगी। 10) गाड़ी संख्या 61634 बीना-कोटा सवारी गाड़ी कोटा स्टेशन मध्यरात्रि 00.50 बजे की बजाय मध्यरात्रि 00.55 बजे पहुँचेगी। 11) गाड़ी संख्या 69158 यमुना ब्रिज आगरा-बयाना सवारी गाड़ी बयाना स्टेशन 17.25 बजे की बजाय 18.15 बजे पहुँचेगी।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना प्रभारी शहपुरा जितेन्द्र पाटकर ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि काले रंग की एक्टिवा में 2 व्यक्ति शराब लेकर आ रहे है। सूचना पर मालकछार रोड पर घेराबंदी की कुछ समय बाद काले रंग की एक्सिस आती दिखी जिसे रोकने का प्रयास करने पर भागने लगे, जिनका पीछा कर मालकछार रोड पुलिया के पास घेराबंदी कर रोका गया, एक्सिस में सामने तरफ एक बोरी एवं पीछे बैठने वाला व्यक्ति एक बोरी पकड़े हुये था, नाम पता पूछने पर एक्सिस चालक ने अपना नाम तरूण पटेल उम्र 18 वर्ष निवासी बेदराना मोहल्ला गढ़ा एवं पीछे बैठने वाले ने अपना नाम समीर श्रीवास्तव उम्र 19 वर्ष निवासी शाही तालाब संजीवनीनगर बताया,

# जबलपुर में कोयले से लदी मालगाड़ी से निकला धुंआ, ओएचई ब्रेकडाउन के चलते रेल यातायात रहा प्रभावित



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** सोमवार रात करीब 10:30 बजे जबलपुर से इटारसी जा रही माल गाड़ी में अचानक धुआं उठने लगा. ट्रेन के मदन महल स्टेशन पर पहुंचने पर इसकी सूचना रेल कर्मचारियों ने वरिष्ठ अधिकारियों को दी. जिसके बाद मालगाड़ी को स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर रोक दिया गया. ट्रेन पर धुआं उठने की जानकारी मिलते ही जीआरपी सहित स्थानीय पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू की.

जानकारी के मुताबिक, ओएचई लाइन के ट्रेन से टकराने के चलते यह हादसा हुआ और मालगाड़ी की एक बोगी में अचानक आग लग गई. गनीमत रही की आग ने विकराल रूप धारण नहीं किया. घटना की जानकारी मिलते ही सीसी रितेश शिव टीम के साथ मौके पर पहुंचे. दमकल टीम को भी घटनास्थल पर पहुंचने की सूचना दी. मालगाड़ी जबलपुर से इटारसी की ओर जा रही थी. जैसे ही मदन महल स्टेशन के पास पहुंची तभी ट्रेन की एक बोगी से धुआं उठने लगा और उसमें आग लग गई.

रेल यातायात रहा प्रभावित

जबलपुर मंडल के मदन महल स्टेशन पर ओएचई ब्रेक डाउन के कारण रेल यातायात प्रभावित हुआ है. इस रेलखंड पर अप एंड डाउन दोनों रेल लाइन यातायात प्रभावित रहने के कारण गुजरने वाली कुछ ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से चलाई जा रही है.

ट्रेनें जो परिवर्तित मार्ग से चलेंगी

1) दिनांक 30 दिसम्बर 2024 को चल रही गाड़ी संख्या 22938 रीवा - राजकोट एक्सप्रेस कटनी से वाया कटनी-बीना-इटारसी होकर चलेगी.

2) दिनांक 30 दिसम्बर 2024 को चल रही गाड़ी संख्या 22948 भागलपुर - सूरत एक्सप्रेस ट्रेन कटनी से वाया कटनी-बीना-इटारसी होकर चलेगी.

3) दिनांक 30 दिसम्बर 2024 को चल रही दिनांक गाड़ी संख्या 12792 दानापुर - सिकंदराबाद ट्रेन कटनी से वाया कटनी-बीना-इटारसी होकर चलेगी.

## नये साल का गीत

कुछ ऐसा हो साल नया,
जैसा अब तक नहीं हुआ.
अमराई में मैना संग
झूमे-गाये फाग सुआ...
*
बम्बुलिया की छेड़े तान.
रात-रातभर जाग किसान.
कोई खेत न उजड़ा हो-
सूना मिले न कोई मचान.
प्यासा खुसरो रहे नहीं
गैल-गैल में मिले कुआ...
*
पनघट पर पैंजनी बजे,
बीर दिखे, भौजाई लजे.
चौपालों पर झाँझ बजा-
दास कबीरा राम भजे.
तजें सियासत राम-रहीम
देख न देखें कोई खुआ...
स्वर्ग करे भू का गुणगान.
मनुज देव से अधिक महान.
रसनिधि पा रसलीन सलिल
हो अपना यह हिंदुस्तान.
हर दिल हो रसखान रहे
हरेक हाथ में मालपुआ...

**संजीव वर्मा सलिल**

# सिख समाज ने किया सीएसपी गोरखपुर कार्यालय का घेराव



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** पिछले कुछ महीनों से सिक्ख समाज की एक बेटी को घर के नजदीक के ही मनचले परेशान कर रहे थे, अपशब्दों का उपयोग करना, घूरना, स्कूल ,एवं कोचिंग जाने में बाईक से कट मारना आदि आदि घटिया हरकतें बदस्तूर निरंतर जारी रही। एक दिन बच्ची की माँ ने उन मनचलों के परिवार से बात की तो उससे भी झगड़ा किया व उसकी बेइज्जती की गयी। पुलिस में कम्पलेन करने पर भी कोई कार्यवाही नही की गई ।

फिर ये बात जबलपुर सिक्ख संगत के प्रधान एवं पूर्व मंत्री हरेन्द्रजीत सिंग बब्बू भैया को लगी वे तत्काल सक्रिय हुऐ पुलिस अधीक्षक से बात की और सिक्ख समाज के साथ छ्स्क्ष्क गोरखपुर के कार्यालय का घेराव किया, तत्काल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री समर वर्मा पहुंचे। बब्बूजी ने पीड़ित परिवार की वेदना से अवगत करवाया तब उन्होंने तत्काल कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। श्री बब्बू के साथ सर्वश्री जोधसिंह,दलबीर सिंग जस्सल,हरेन्द्र ब्रोका,हरमिंदर सैनी, मंजीत बेदी,तोता,गोल्डी ओबेरॉय, प्रिन्स भसीन, रिंकू वालिया,एडवोकेट मेहंदीरत्ता, पुसी मुक्कर,गुलजार सिंग,हीरा सिंग, हरभजन सैनी,काले उप्पल,पप्पू लांबा,रानू सिंघ,राज मखीजा,हरमीत सिंघ, गुरमीत सिंह, जगदेव सिंघ,राजू चावला, बलबीर सिंह, गुरप्रीत सिंह,प्रिन्स सलूजा,परमवीर सिंघ,सुदीप सैनी,अमन विन्द्रा,गप्पू कपूर,राजू मरवाहा,विक्की सिंघ,संजू ग्रोवर, सुरजीत सिंह, जुगराज, सिमरसिंघ,जपनीत सिंघ,गगनदीप सिंघ,दलबीर सिंह, गुलदीप सिंघ,हरमन सिंघ,प्रभजोत सिंघ,सतपाल सिंह,सनमीत सिंघ,गुरतेज सिंघ,तानिस सिंघ,इंदरजीत सिंघ, आदि सिक्ख समाज के लोग शामिल रहे ।

# जबलपुर-दमोह रोड पर पर गौवंश से भरा ट्रक पलटा, कई गाय की मौत, चालक-परिचालक मौके से फरार



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** दमोह से गौवंश भरकर जबलपुर की ओर आ रहा ट्रक ग्राम बोरिया कटंगी में अनियंत्रित होकर पलट गया. हादसे में कई गौवंश की मौत हो गई, वहीं कई गाय घायल हो गई. दुर्घटना के बाद चालक व परिचालक मौके से फरार हो गए. हादसे को देख आसपास के लोगों सहित राह चलते लोग पहुंच गए, जिन्होने गायों ट्रक से बाहर निकालकर पुलिस को खबर दी, खबर मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता भी घटनास्थल पर पहुंच गए थे. पुलिस के अनुसार दमोह से एक ट्रक में गौवंश को भरकर चालक व परिचालक जबलपुर के लिए रवाना हुए. आज सुबह दस बजे के लगभग ट्रक जब कटंगी से ग्राम बोरिया की ओर बढ़ रहा था. इस दौरान ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया. ट्रक पलटने से उसमें भरी 35 से ज्यादा गाय गिरकर दब गई. जिससे कुछ की मौत हो गई वहीं कुछ घायल हो गई. दुर्घटना होते देख आसपास के लोगों सहित राह चलते लोग भी रुक गए. यहां तक कि कुछ देर बाद बजरंग दल के कार्यकर्ता भी पहुंच गए. सभी ने गायों को निकाला. जिसमें कुछ की मौत हो चुकी थी.

वहीं कुछ घायल हालत में पड़ी छटपटा रही थी. मौके पर पहुंची पुलिस ने पशु चिकित्सकों को भी बुलवाकर घायल गौवंश का इलाज कराया. दुर्घटना के बाद चालक व परिचालक मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश में पुलिस की टीमें रवाना हो गई है. घटना के बाद लोगों में आक्रोश व्याप्त रहा, जिन्होने विरोध स्वरुप प्रदर्शन किया.

## होली पर हुए विवाद के चलते की थी युवक की गोली मारकर हत्या

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** हनुमानताल थाना क्षेत्र स्थित दुर्गा चौक के पास गुरुवार की रात गोली मारकर यश माली उम्र 21 की हत्या करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं 2 आरोपी अभी भी फरार बताए जा रहे हैं। पूछताछ में आरोपियों द्वारा बताया गया कि होली पर हुए विवाद के चलते युवक की गोली मारकर हत्या की गई थी। उक्त जानकारी एएसपी आनंद कलादगी ने एक पत्रवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों से 2 पिस्टल, 2 कारतूस व 2 मोपेड बरामद की गई है। इस संबंध में बताया गया कि दुर्गा चौक के पास रहने वाला यश माली गुरुवार की रात अपने दोस्त राहुल रैकवार और करण कुशवाहा के साथ बैठकर आग ताप रहा था।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं. 89, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 30.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती रूपाली साहू, पति- श्री सुदेश कुमार साहू,** ने मकान नं. चम्पा नगर, पिन नं. 1000590727 **वार्ड लाला लाजपत राय वार्ड,** क्षेत्रफल 534 व.फु., भूतल 442 व.फु. **आधार कार्ड, विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि-श्रीमती प्रतिभा जोसफ हिवाले, पति- स्व. श्री जोसफ लूथर हिवाले, मकान नं. चम्पा नगर, पिन नं. 1000590727 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अत: जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-10 रांझी**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-10,रांझी नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्रं. 88, सं.अधि./ रांझी/10 / 2024-25 दिनांक 30.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि 1. **श्रीमती कामना साहू, पति- श्री बसंत कुमार साहू, 2. श्री बसंत कुमार साहू, पिता- श्री सुकल चन्द्र साहू,** ने प्लाट नं. 72 ई, पिन नं. 200027062 **वार्ड लाला लाजपत राय वार्ड,** क्षेत्रफल 888 व.फु. **आधार कार्ड, विक्रयपत्र, शपथपत्र,** के आधार पर नगर निगम के कम्प्यूटर रिकार्ड में दर्ज भवन स्वामि-श्री हेमन्त कुमार, पिता- श्री ओम प्रकाश, प्लाट नं. 72 ई, पिन नं. 200027062 द्वारा प्रदत मकान नम्बर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया जाता है। अत: जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-10 रांझी** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-10 रांझी**
**नगर निगम जबलपुर**

## एसटीएफ ने गिरोह के सरगना सहित 3 को पकड़ा

# फर्जी दस्तावेजों से फायनेंस कराए 25 लाख के वाहन

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** । फायनेंस कंपनी व बैंक एजेंटों से साँठगाँठ कर फर्जी दस्तावेज से वाहन फायनेंस कराने और उन वाहनों को गाँवों में ले जाकर बेचने वाले गिरोह के सरगना रांझी निवासी प्रशांत कुशवाहा, इंद्रजीत कुशवाहा एवं सिवनी के ग्राम धनौरा निवासी प्रवीण सोनी को एसटीएफ जबलपुर यूनिट ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से फायनेंस कराए गए 25 लाख कीमत के 21 वाहन जब्त किए गए हैं। गिरोह में एक महिला भी शामिल है उसकी पतासाजी की जा रही है। इस संबंध में एसटीएफ निरीक्षक निकिता शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि रांझी निवासी गीता कुशवाहा को लोन लेना था। इसके लिए उसने प्रशांत कुशवाहा से चर्चा की, प्रशांत ने महिला का आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज ले लिए। इसके बाद उसने अपने साथी इंद्रजीत कुशवाहा की मदद से एक महिला को गीता कुशवाहा बनाकर पेश कर एक दोपहिया वाहन फायनेंस करा लिया। कुछ समय बाद प्रशांत ने लोन नहीं मिलने की बात कहकर गीता कुशवाहा को उसके दस्तावेज लौटा दिए। उधर किश्त जमा न होने पर गीता को बैंक का नोटिस मिला, जिसमें उसके नाम से वाहन फायनेंस कराए जाने की जानकारी लगी। इसकी शिकायत पीड़ित महिला गीता कुशवाहा द्वारा एसटीएफ से की गई थी। शिकायत की जाँच करते हुए एसटीएफ ने गिरोह का भंडाफोड़ कर दिया। ट्रेन से उतरते ही दबोच लिया जाँच के दौरान एसटीएफ को पता चला कि प्रशांत कुशवाहा उत्तरप्रदेश में रह रहा है, लेकिन वह ट्रेन से जबलपुर आ रहा है। इस जानकारी के बाद एसटीएफ आरक्षक राहुल रघुवंशी ने घेराबंदी कर ट्रेन से उतरते ही प्रशांत का दबोच लिया फिर उसकी निशानदेही पर इंद्रजीत का पकड़ा गया।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल ,जबलपुर**

रा.प्र.क्र........./अ-6/2024-25 जबलपुर दिनांक 30/12/2024

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **आवेदक- श्रीमती कीर्ति साहू, पिता- कंधी लाल साहू,** निवासी- राम मनोहर लोहिया वार्ड जबलपुर , के द्वारा मौजा............. ब्लाक नं. 76, नंबर......... प्लाट नंबर 125, स्थित भूमि खसरा नंबर................. में से रकवा 50.20 वर्गफुट, भूमि जो आवेदक के द्वारा विक्रेता कंधी लाल साहू, हीरालाल साहू, सुनील कुमार साहू से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक........................... से क्रय किया जाना लेख किया है।

तत्संबंध में जिसय किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत **पेशी दिनांक 15/01/2025** तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।**

**जारी दिनांक:- 30-12-2024**
**पेशी दिनांक:- 15-01-2025**

मुद्रा

**तहसीलदार**
**अधारताल, जबलपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर म.प्र.**

**लोककर्म विभाग**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

N.I.T. NO. / PWD/ 2024-25/04/33/ E - Tendering/PRO 429 Date 31/12 2024

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदार/मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखत कार्य के लिए ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://.mptenders.gov.in की पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत लाख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_ UAD 391789_1 01.01.2025 | संभाग क्रंमाक- 04 पं. बनारसी दास भनोत वार्ड अंतर्गत रतन कालोनी बन्टी सरदार के घर से छोटू के घर तक एवं मंगू के घर से रजक जी के घर तक कवर्ड आर.सी.सी. नाली, पेवर ब्लाक एवं चैम्बर लगाने का कार्य।(पार्षद अनुशंसा) | 03 माह<br>रू. 4.21 | 2000/-<br>4215/- | 15.01.2025 |
| 2 | 2024_ UAD 391789_2 01.01.2025 | संभाग क्रंमाक- 04 पं. बनारसी दास भनोत वार्ड अंतर्गत स्टेट बैंक कालोनी में राजू टायर से नरेन्द्र पासी जी के घर के पास तक कवर्ड आर.सी.सी. नाली निर्माण एवं चेम्बर लगाने का कार्य।(पार्षद अनुशंसा) | 03 माह<br>रू. 3.43 | 2000/-<br>3435/- | 15.01.2025 |
| 3 | 2024_ UAD 391789_3 01.01.2025 | संभाग क्रंमाक- 04 पं. बनारसी दास भनोत वार्ड अंतर्गत बडेरा पैथोलाजी के पीछे, जोसफ जी के घर से सिंह जी के घर होते हुए पप्पू जी के घर तक कवर्ड आर.सी.सी. नाली चेम्बर लगाने का कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 03 माह<br>रू. 4.22 | 2000/-<br>4225/- | 15.01.2025 |
| 4 | 2024_ UAD 391789_4 01.01.2025 | संभाग क्रंमाक- 04 नरसिंह वार्ड अंतर्गत ठाकुर साहब के मकान से विजय राघोरते जी के घर तक कवर्ड आर.सी.सी.नाली निर्माण कार्य (पार्षद अनुशंसा) | 03 माह<br>रू. 2.24 | 2000/-<br>2240/- | 15.01.2025 |
| 5 | 2024_ UAD 391789_5 01.01.2025 | संभाग क्रंमाक- 04 नरसिंह वार्ड अंतर्गत सुविधा हास्पिटल के बाजू से सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 03 माह<br>रू. 1.51 | 2000/-<br>3015/- | 15.01.2025 |
| 6 | 2024_ UAD 391789_6 01.01.2025 | संभाग क्रंमाक- 04 नरसिंह वार्ड अंतर्गत अंडर ब्रिज रोड पर वनवासी विकास परिषद के पास सड़क एवं नाली निर्माण कार्य (पार्षद अनुशंसा) | 03 माह<br>रू. 3.84 | 2000/-<br>3840/- | 15.01.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री , संभाग क्रमांक- 04 नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 325 दिनांक 31.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री सरताज उस्मानी, पिता- श्री ताज मोहम्मद** , ने मकान नं. खसरा नं. 485,486 , सम्पत्ति पिन नं. 1000478260, **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड** , क्षेत्रफल 840 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 324 दिनांक 31.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्री हीरालाल पटेल, पिता- श्री रामनाथ पटेल, 2. श्री राम किशोर पटेल, पिता- श्री रामनाथ पटेल** , ने मकान नं. प्लाट नं. 28 , सम्पत्ति पिन नं. 1000617445, **वार्ड कमला नेहरू वार्ड** , क्षेत्रफल 1000 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-16, नगर निगम जबलपुर**

क्रं.सं.अधि/राजस्व./ सं.क्र.16/ 2024-25/ एम....... दिनांक- 31.12.2024

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री ईशान अहमद, पिता- स्व. श्री मोहम्मद रमजान** ने पिन नं. 1000467817 भवन क्रमांक टेड़ी नीम पहाड़ी के पास , **वार्ड क्र. 49 वार्ड लाल बहादुर शास्त्री वार्ड,** भूतल 759 व.फु., , **इकरानामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. टेडी नीम पहाड़ी के पास , पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-16** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-16**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/192 दिनांक 31.12.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री मोहम्मद रऊफ, पिता- मोहम्मद रफीक** ने मकान नं. 256/1 , **वार्ड पं. मोतीलाल नहेरू वार्ड,** क्षेत्रफल 1500 व.फु., भूतल 1400 व.फु., प्रथमतल 1300 व.फु., द्वितीयतल 500 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र, विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-04,छोटी लाईन फाटक गोरखपुर नगर पालिक निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/04/एम/238 2024-25 दिनांक 31/12/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि संपत्तिकर पिन नं. **1000510982** में पंजीकृत भवन स्वामी **डॉ. श्रीमती अनीता बुधरानी, पति- डॉ. श्री गिरीश बुधरानी,** के स्थान पर आवेदक **श्री हेमांक चौहान, पिता- श्री रमेश चौहान** ने **मकान नं. 1010 वार्ड क्र.-.....,पं. बनारसी दास भनोत वार्ड,** क्षेत्रफल 1500 व.फु., भूतल 760 व.फु. , **दस्तावेज- विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया हैं। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक-04 छोटी लाईन फाटक गोरखपुर** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम जबलपुर**

स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुआं जबलपुर से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999